


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025


**सैलरी में 20 से 35 फीसदी होगी बढ़ोतरी!**

## ९ दिन बाद खुशियां ही खुशियां अब आएगा आठवां वेतनमान



**7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा चर्चाएं शुरू**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 2026 एक अहम साल होने वाला है। 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा है और इसके साथ ही 8वें पे कमीशन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हर किसी के मन में एक ही सवाल है कि अब सैलरी कितनी बढ़ेगी और पैसा कब मिलेगा? सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर 2025 में इसके लिए जरूरी शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद आयोग को सैलरी, भत्तों और पेंशन से जुड़ी सिफारिशें तैयार करने के लिए करीब 18 महीने का समय दिया गया है यानी रिपोर्ट आने में थोड़ा वक्त लगना तय है। 6वें वेतन आयोग में औसतन करीब 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि 7वें में यह बढ़ोतरी लगभग 23 से 25 फीसदी के बीच रही थी। 8वें पे कमीशन में सैलरी बढ़ोतरी 20 से 35 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद जताई जा रही है। खासतौर पर निचले स्तर और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को थोड़ा ज्यादा फायदा मिल सकता है।

> 8वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू

**बड़ा हादसा टला: खतरे में पड़ी यात्रियों की जान! एक पल में ही अहमदाबाद प्लेन क्रैश की याद ताजा हुई**

# आसमान में बंद हो गया एक इंजन, एक घंटे तक हवा में ही रहा प्लेन, दूसरे से हुई इमरजेंसी लैंडिंग

## सुबह दिल्ली से मुंबई के लिए भरी थी उड़ान, लगभग 335 यात्री थे सवार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में अचानक से अनाउंस हुआ कि तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई जा रही है।

उस समय विमान हवा में था और टेकऑफ हुए कुछ सेकंड ही हुए थे। अचानक बीच आसमान में अनाउंस सुनकर प्लेन में बैठे यात्रियों की जान हलक में अटक गई। कई यात्रियों ने जोर-जोर से भगवान का नाम जपना शुरू कर दिया था। कई यात्रियों की आंखों से आंसू आ गए थे। उनकी समझ में भी कुछ नहीं आ रहा था। एक पल में ही अहमदाबाद प्लेन क्रैश की याद ताजा हो गई थी। एयर इंडिया की एक फ्लाइट का एक इंजन रास्ते में ही बंद हो गया। एयर इंडिया का एक बोइंग 777 विमान सोमवार सुबह उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इंजन (दाहिने तरफ का) बंद हो जाने के ⏩ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### 'इंजन ऑयल' का दबाव शून्य पर आ गया

लगभग 335 लोगों को ले जा रहा विमान दिल्ली लौटने से पहले करीब एक घंटे तक हवा में रहा। विमान को आपात स्थिति में उतारा गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक सूत्र ने बताया कि विमान ने उड़ान भरने के बाद फ्लैप के दौरान दाहिने इंजन में तेल का दबाव कम होने के कारण हवा में ही लौटने का फैसला किया। 'इंजन ऑयल' का दबाव शून्य पर आ गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए एयर इंडिया को गहरा खेद है। विमान की आवश्यक जांच की जा रही है। हमारी ग्राउंड टीम द्वारा यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।


**खबर संक्षेप**

### धुरंधर ने 17 दिन में ही कमाए 555 करोड़



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन स्टारर फिल्म 'धुरंधर' रुकने का नाम नहीं ले रही है। उम्मीद बढ़ रही है कि इस वीकेंड तक ये 1000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो जाएगी। फिल्म ने 17वें दिन में 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया था। 16वें दिन 34 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### महिला ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म



**छिंदवाड़ा।** जिले के जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है। नवेगांव की रोराढ़ेकनी गांव की निवासी 20 साल की महिला ने लगभग सातवें महीने में एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। यह प्रसव पूरी तरह सुरक्षित रहा, जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

**कैबिनेट बैठक : प्रधानमंत्री फसल बीमा विंड्स कार्यक्रम को मोहन कैबिनेट से मिली मंजूरी**

# बाढ़, बारिश, कोहरे से फसलों के बचाव के बारे में मिलेगी अब 'सटीक' जानकारी

◀ *आंकड़ों को सिंगल डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग भोपाल से होगी। डेटा नई दिल्ली भेजा जाएगा। किसानों को स्वचालित वेदर सिस्टम के जरिए बारिश, बाढ़ या मौसम की प्रतिकूलता की जानकारी मिल सकेगी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में फसल बीमा योजना के बाद सरकार ने सोमवार को एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा विंड्स कार्यक्रम को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके तहत सभी जगहों पर ऑटोमेटिक रेन गेज लगाए जाएंगे। इसके आंकड़ों को लेकर सिंगल डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाएगा। इसकी मानिटरिंग भोपाल से होगी। इसके बाद डेटा नई दिल्ली भेजा जाएगा।

इसकी खासियत यह होगी कि किसानों को स्वचालित वेदर सिस्टम के जरिए बारिश, बाढ़ या मौसम की प्रतिकूलता की जानकारी मिल सकेगी। मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें तहसील स्तर पर स्वचालित मौसम केंद्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित रेनगेज स्थापित के लिए 434 करोड़ 58 लाख रुपए की मंजूरी दी ⏩ शेष पेज 4 पर

> **सभी जगहों पर ऑटोमेटिक रेन गेज लगाए जाएंगे**

> पांच वर्षों की योजना पर अनुमानित व्यय 434 करोड़ रुपए संभावित
>
> बड़वाह-धामनोद 4 लेन निर्माण कार्यों के लिए 2,508 करोड़ 21 लाख रुपए की मंजूरी



कैबिनेट बैठक में सीएम व मंत्रीगण

### मप्र में गायों की संख्या के आधार पर बनेंगे वृंदावन गांव

मप्र में गायों की संख्या व आबादी के हिसाब से वृंदावन गांव बनाए जा रहे हैं। प्रदेश के 230 में से 193 विधानसभा क्षेत्रों में वृंदावन गांव का चयन कर लिया गया है। इसके लिए 2000 की आबादी व 500 गायों की संख्या वाले गांव को ही वृंदावन गांव बनाया जा रहा है।

### धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विवि जबलपुर के लिए निर्माण राशि

कैबिनेट ने मप्र धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वितीय चरण के भवन निर्माण के लिए ⏩ शेष पेज 4 पर

### 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी 63 किमी सड़क

कैबिनेट ने बड़वाह-धामनोद 4-लेन मार्ग मय पेव्हड शोल्डर (लंबाई 62.795 किमी) के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत भू-अर्जन सहित उन्नयन एवं निर्माण के लिए 2,508 करोड़ 21 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के तहत 10 बायपास, 5 वृहद पुल, 23 मध्यम पुल, 12 वाययूवी/एसवीयूपी, 7 वृहद जंक्शन एवं 56 मध्यम जंक्शन का निर्माण किया जाएगा। निर्माण की लागत का 40 प्रतिशत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत मप्र सड़क विकास निगम से राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा। शेष 60 प्रतिशत ⏩ शेष पेज 4 पर

**दिल्ली में नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात**



भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सीएम डॉ. मोहन यादव ने भेंट की

**अटल जयंती पर ग्वालियर में औद्योगिक महाकुंभ**

## 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं की 'सौगात' देंगे केंद्रीय मंत्री शाह

◀ ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह प्रोजेक्ट लॉन्च इवेंट वाजपेयी के जन्मस्थान ग्वालियर में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राज्य सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' का आयोजन कर रही है।

### कॉन्फ्रेंस वाजपेयी को समर्पित

सीएम यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह इस समिट में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में शाह राज्य के अलग-अलग हिस्सों में स्थित 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा औद्योगिक परियोजनाओं का एक साथ शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यह ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस वाजपेयी को समर्पित होगी। वह एक ऐसी ⏩ शेष पेज 4 पर






**क्रिसमस से पहले बीसीसीआई का बड़ा ऐलान**

# महिला क्रिकेटरों को दी सौगात, मैच फीस में 2.5 गुना इजाफा



फाइल फोटो

◀ घरेलू महिला खिलाड़ियों के साथ अंपायरों की फीस भी बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में समान वेतन संरचना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस को दोगुना से अधिक बढ़ा दिया है। यह निर्णय भारत की पहली वनडे विश्व कप जीत के बाद लिया गया है और इसे बोर्ड की शीर्ष परिषद ने मंजूरी दी है।

अब घरेलू टूर्नामेंटों में खेलने वाली सीनियर महिला क्रिकेटरों को प्रतिदिन 50,000 से 60,000 रुपए मिलेंगे, जो पहले 20,000 रुपए (रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 10,000 रुपए) प्रति मैच दिन से काफी अधिक है। सीनियर महिला घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रतिदिन 50,000 रुपए मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 25,000 रुपए मिलेंगे। राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंटों में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रति मैच 25,000 रुपए मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपए मिलेंगे। बीसीसीआई के अनुसार, यदि कोई महिला क्रिकेटर पूरे सत्र में सभी प्रारूपों में खेलती है, तो वह 12 ⏩ शेष पेज 4 पर

### *भारत ने पहली बार जीता वर्ल्ड कप*

*भारतीय महिला टीम ने इसी साल श्रीलंका को मात देकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट के बाद टीम इंडिया को हर तरफ से तारीफ मिल रही थी। तीसरी बार फाइनल में पहुंचने के बाद भारतीय टीम ने ये खिताब जीता था।*





| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| 7 | 352 | वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT) | 74.9 |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |

Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about VITEEE 2026 scan the QR code

www.vit.ac.in


चिकित्सा शिक्षा के विस्तार में
अग्रणी मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
NURSING HOSTEL
BOYS HOSTEL
HOSPITAL BLOCK B
GIRLS HOSTEL
HOSPITAL BLOCK A
STAFF QUATERS
ACADEMIC BLOCK
'जन-निजी भागीदारी आधारित'
धार और बैतूल
चिकित्सा महाविद्यालयों का शिलान्यास
विकास कार्यों का भूमिपूजन
और लोकार्पण
मुख्य अतिथि
जे. पी. नड्डा
केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
23 दिसम्बर, 2025
पूर्वाह्न 11:00 बजे । पीजी कॉलेज ग्राउंड, जिला धार
अपराह्न 2:00 बजे । पुलिस ग्राउंड, जिला बैतूल
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
पिछले 2 वर्ष में तेजी से
बेहतर हुईं स्वास्थ्य सेवाएं
सुदृढ़ होती चिकित्सा शिक्षा
• शासकीय मेडिकल कॉलेज 14 से 19, निजी 12 से बढ़कर 14 हुए
• शासकीय एमबीबीएस सीटें 2275 से 2850 एवं शासकीय पीजी सीटें 1262 से 1468 हुईं
• शासकीय सुपर-स्पेशलिटी सीटें 47 से 64 हुईं
अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण
• मैहर, मऊगंज, पांढुर्णा में तीन नए जिला चिकित्सालयों का निर्माण
• इंदौर, रीवा, सतना के चिकित्सा महाविद्यालयों का उन्नयन
उन्नत चिकित्सा सेवाएं
• भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर में सीटी/एमआरआई मशीनें
• इंदौर, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर में मेडिकल लीनियर एक्सीलरेटर मशीनें
• भोपाल, रीवा में कैथ लैब
• इंदौर, जबलपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट
• इंदौर में कार-टी सेल थैरेपी
जनहितकारी सेवाएं
• पीएमश्री एयर एम्बुलेंस, 109 मरीज एयरलिफ्ट
• 1268 दूरस्थ ग्रामों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट
• सीएम डे-केयर सेंटर
D-11170/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
विकास और सेवा के
2 वर्ष

भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष : 12, अंक : 263 ■ पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 24 न्यून. 12 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



कारखाने में काम करते कर्मी

पश्चिम मध्य रेलवे का एक मात्र कारखाना जिसे भारतीय उद्योग परिसंघ ने दी ग्रीन सर्टिफिकेशन की सर्वोच्च रेटिंग

# भोपाल के सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाने को मिला प्लेटिनम अवार्ड, भारतीय रेल का 6वां कारखाना बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

सवारी डिब्बा पुनर्निमाण कारखाना, भोपाल को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा ग्रीन प्लेटिनम अवार्ड से नवाजा गया है। इस कारखाने को यह अवार्ड उसके बेहतर पर्यावरण, अनुकूल संचालन कचरे का उचित निष्पादन, विद्युत ऊर्जा एवं गैसीय ऊर्जा की खपत में कमी, कोच में प्रयुक्त सामग्री ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अवार्ड इसलिए?

- विद्युत खपत में लगभग 37% की बचत
- 5 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- लगभग 29 लाख लीटर वर्षा के पानी को भूमिगत रीचार्ज किया जा रहा
- 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया
- कारखाना 400 एकड़ में फैला जिसका 41% भाग ग्रीन बिल्ट एरिया

### आईसीएफ एवं एलएचबी कोच की होती है रिपेयर

मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े ने 'हरिभूमि' को बताया कि सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना पूर्व से ही गुणवत्ता के लिए पूरे भारतीय रेल में अग्रणी रहा है। वर्तमान में आईसीएफ एवं एलएचबी कोच के आवधिक रिपेयर के साथ कोचों को भारतीय रेल की मांग अनुसार परिवर्तन ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### राधावल्लभ मंदिर में श्रद्धालु के बीच मारपीट



**मथुरा।** वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध राधावल्लभ मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं के दो गुट आपस में भिड़ गए। मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। मंदिर में खिचड़ी उत्सव शुरू हुआ। दर्शनों के लिए मंदिर में भारी भीड़ के चलते धक्का मुक्की हुई। इसके बाद लोग भिड़ गए।

### चलती बस में जन्मा बच्चा देवदूत बनी 108 एंबुलेंस



**गुना।** सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चलती बस में एक गरीब महिला ने बच्चे को जन्म दिया। राघवेंद्र परिहार अपनी पत्नी नेहा के साथ उप्र के उरई जा रहे थे। रात को एनएच 46 पर लेबर पेन होने लगा। सूचना पर 108 एंबुलेंस पहुंची और ईएमटी-पायलट ने बस के अंदर ही सुरक्षित प्रसव कराया।

### होमवर्क के लिए बच्चे के सिर पर बॉटल फोड़ी



**रीवा।** शहर के निजी स्कूल की शिक्षिका ने 11 साल के छात्र के सिर पर स्टील की बोतल दे मारी। उसे बार-बार दीवार पर पटका। बच्चा खून से लथपथ हालत में घर पहुंचा। छात्र ने होमवर्क पूरा नहीं किया था। पीड़ित बच्चे की बहन ने रोका तो शिक्षिका ने उसके साथ भी मारपीट की।

मप्र स्टेट साइबर पुलिस की एडवाइजरी में खुलासा, सभी को तुरंत अपने पासवर्ड बदलने की सलाह

# देश भर में 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ईमेल आईडी और पासवर्ड लीक

*अगर किसी का ई-मेल अकाउंट हैक हो जाता है, तो अपराधी आसानी से उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और अन्य महत्वपूर्ण एप्स तक पहुंच बना सकते हैं*


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़ी खबर

देशभर आम लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो वीवीआईपी और राजनेता भी असुरक्षित हैं। वे भी हैकर्स के निशान पर हैं।

साइबर पुलिस की ऑनलाइन सर्चिंग वेबसाइट (हैव आई बीन पॉन्ड) से खुलासा हुआ है। भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी का भी ईमेल हैक करने की कोशिश की गई है। वहीं, मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू डीजी का ईमेल पूरी तरह से सिक्योर है। साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने 'हरिभूमि' को बताया कि 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश साइबर सेल को 68 करोड़ लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक होने की जानकारी मिली थी। तत्काल लोगों को अलर्ट करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई। सभी को पासवर्ड बदलने के लिए कहा गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मप्र के करीब 12 लाख से ज्यादा ईमेल और पासवर्ड हैक करने की कोशिश**



फाइल फोटो

- मप्र में वीवीआईपी और राजनेता भी हैकर्स के निशाने पर
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, दिग्विजय, जीतू का ईमेल हैक करने की कोशिश
- डीजीपी और डीजी ईओडब्ल्यू सिक्योर

### ऐसा पासवर्ड रखें

साइबर टीम का कहना है कि टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। यह एक अतिरिक्त सुरक्षा परत है जो आपके खाते को और सुरक्षित बनाती है। मजबूत अल्फा-न्यूमेरिक पासवर्ड बनाने की सलाह दी गई है, जिसमें अक्षर, संख्याएं और विशेष चिन्ह शामिल हों। साइबर फ्रॉड की स्थिति में मदद के लिए आप ps.cybercell-bpl@mppolice.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 7587646775 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रविवार को हैकिंग की जानकारी लगी

स्टेट साइबर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि हाल ही में लगभग 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ई-मेल आईडी और पासवर्ड साइबर अपराधियों के हाथ लग गए हैं। यह जानकारी रविवार को सामने आई। स्टेट साइबर पुलिस के अनुसार, यह डेटा लीक और साइबर ठगी के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों को सतर्क करने की एक पहल है। अगर किसी का ई-मेल अकाउंट हैक हो जाता है, तो अपराधी आसानी से उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और अन्य महत्वपूर्ण एप्स तक पहुंच बना सकते हैं। इससे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है कि लोग तुरंत अपने पासवर्ड बदल लें।

### हर वेबसाइट और एप के लिए अलग पासवर्ड रखें

स्टेट साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने बताया कि प्रत्येक वेबसाइट या एप के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, किसी भी संदिग्ध ईमेल, एसएमएस या लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए। अनजान एप या वेबसाइट पर लॉग इन करने से भी परहेज करना चाहिए। नागवंशी ने यह भी बताया कि यह एडवाइजरी इसलिए जारी की गई है क्योंकि कई ▶▶ शेष पेज 4 पर

पूर्व आईजी अमर सिंह ने खुद को मारी गोली

# 12 पन्नों का सुसाइड नोट 8.10 करोड़ रु. की ठगी हुई

- *उन्होंने खुद को गोली सुरक्षा कर्मी की रिवॉल्वर से मारी*
- *पूर्व आईजी को छाती में गोली लगी*



अमर सिंह चहल

एजेंसी ▶▶ पटियाला

पटियाला में पंजाब पुलिस के पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली है। उन्हें तुरंत पटियाला के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसपी सिटी पलविंदर सिंह चीमा के मुताबिक मौके से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। पूर्व आईजी को छाती में गोली लगी है। यह भी बताया जा रहा है कि मामला करोड़ों की साइबर ठगी से जुड़ा है। उन्होंने पटियाला में अपने घर पर खुद को गोली मारी है। पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने 12 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा है। यह नोट उन्होंने पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव कपूर के नाम लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने साथ 8.10 करोड़ की साइबर ठगी की बात लिखी है और इस वजह से वह मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने खुद को गोली सुरक्षा कर्मी की रिवॉल्वर से मारी है।

### चहल फरीदकोट गोलीकांड के आरोपी

अस्पताल में पहुंचे एसपी (सिटी) पलविंदर सिंह चीमा ने बताया कि पूर्व आईजी के दोस्तों ने पुलिस के साथ एक नोट साझा किया था, जिससे आशंका थी कि चहल आत्महत्या कर सकते हैं। इस जानकारी के आधार पर संबंधित थाना प्रभारी और डीएसपी तुरंत पूर्व आईजी के घर पहुंचे। जहां वह घायल हालत में पड़े थे, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल दाखिल कराया गया है। गौरतलब है कि अमर सिंह चहल 2015 में फरीदकोट में हुए बहबल कलां व कोटकपुरा गोलीकांड मामले में आरोपी हैं। फरवरी 2023 में एडीजीपी एलके यादव की अगुवाई वाली पंजाब पुलिस स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (सिट) ने फरीदकोट इदालत में एक चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें कई राजनेताओं और अमर सिंह चहल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम थे।

प्रशासनिक लापरवाही का नमूना

## 14 साल बाद बुजुर्ग हुआ जिंदा और पहचान मिली



■ मंत्री के संज्ञान में आते ही मचा हड़कंप

**पन्ना।** जिले से प्रशासनिक लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को सरकारी रिकॉर्ड में 14 साल पहले ही मृत घोषित कर दिया गया था। कागजों में मृत बताए गए बुजुर्ग भूरा वास्तविक रूप से जीवित थे और पिछले 11 साल से अपने जिंदा होने का प्रमाण शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को देते रहे। ग्राम पंचायत जनवार के भूरा आदिवासी को सरकारी रिकॉर्ड में मृत ▶▶ शेष पेज 4 पर

बंदूक अड़ाकर बनाया बंधक

## परिवार सोता रहा, बदमाश 3 लाख व जेवर ले भागे



■ एफएसएल की टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट पहुंचे

**गुना।** जिले के बमोरी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनखरा में रविवार की आधी रात बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर सो रहे वृद्ध की गर्दन पर कट्टा अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर तिजोरी की चाबियां हासिल कर लीं। गिरोह ने करीब 3 लाख रुपए की नकदी और लाखों के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। चौंकाने वाली बात यह है ▶▶ शेष पेज 4 पर

गुना में जबरदस्त खूनी संघर्ष

## 50 हजार कर्ज के बदले मांगी 'नाबालिग बेटी'



■ चले हथियार हिंसक झड़प में 7 लोग घायल

**गुना।** गुना में पारदी समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवाद की मुख्य जड़ 50 हजार रुपए की उधारी और एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का जबरन बाल विवाह कराने का दबाव बताया जा रहा है। नाबालिग की शादी के विवाद के बीच दो पक्ष आपस में भिड़ गए और धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में नाबालिग और महिलाओं समेत 7 लोग घायल ▶▶ शेष पेज 4 पर

बनारस से खजुराहो जा रही थी ट्रेन

# वंदे भारत पर पत्थरबाजी, ट्रेन के शीशे को फोड़ा, आरपीएफ ने एक को दबोचा

पक्षियों के शिकार के लिए आरोपी ने पत्थर चलाया था



वंदे भारत की खिड़की का टूटा हुआ शीशा

एजेंसी ▶▶ बांदा

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में पत्थर मारने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

बनारस से खजुराहो जा रही वंदे भारत ट्रेन में किसी ग्रामीण ने पत्थर फेंककर उसका शीशा तोड़ दिया। गेटमैन ने देखा तो रेल अफसरों को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ ने घटना का संज्ञान लेकर केस दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के बाद आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गौर हो कि बनारस खजुराहो वंदे भारत ट्रेन का उदघाटन पीएम मोदी ने पिछले ▶▶ शेष पेज 4 पर

करणी सेना पर पथराव, तनाव के बाद पुलिस तैनात

# सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को कार्रवाई के लिए 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-आष्टा

**व्यापार महासंघ आज रखेगा नगर बंद**



तनाव के बाद घटना स्थल पर पुलिस

जिले के आष्टा शहर के अलीपुर क्षेत्र में रविवार रात मामूली विवाद के बाद भड़की हिंसा और पथराव की घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है। इस घटना के विरोध में अब सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है।

सोमवार को सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को सख्त कार्रवाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है, वहीं व्यापार महासंघ ने मंगलवार को नगर बंद रखने का ऐलान किया है। रविवार रात करीब 9.30 बजे अलीपुर क्षेत्र में उस समय विवाद की स्थिति बनी जब हरदा में आयोजित करणी सेना के आंदोलन से लौट रहे सैनिकों का स्थानीय लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पथराव शुरू हो गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

पचमढ़ी और रीवा में कोहरा पानी की छोटी बूंदों के रूप में टपका

वाहन रेंगते रहे, आज और अधिक घने कोहरे का अलर्ट

# छह जिलों में रात का पारा 4 से 7 डिग्री के बीच, दर्जन भर जिलों में घने कोहरे के बीच सुबह 'टिमटिमाता' दिखा सूरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार सुबह कुछ जिलों की हवा में नमी की मात्रा 95 से 100 फीसदी तक पहुंच गई। इससे करीब आधा दर्जन जिलों में अति घने कोहरे से विजिबिलिटी शून्य यानि 50 मीटर या इससे कम रही। एक दर्जन जिलों में घना कोहरा रहा, जबकि पचमढ़ी और रीवा में अति घना कोहरा पानी की छोटी बूंदों में टपकता रहा।

इससे सड़कें अलसुबह गीली हो गईं। छह जिलों में रात का पारा 4 से 7 डिग्री के बीच रहने से यहां ▶▶ शेष पेज 4 पर

> सुबह की हवा में 100 फीसदी तक नमी, अति घने कोहरे के आगोश में प्रदेश

> आधा दर्जन जिलों में दृश्यता 50 मीटर के करीब यानि शून्य



रायसेन में सुबह घने कोहरे का असर

### यहां दृश्यता 50 मीटर या इससे कम

दतिया और रीवा में शून्य दृश्यता रही। ग्वलियर, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, सागर, सतना और उमरिया आदि जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रहने से यातायात प्रभावित रहा।

### छह जिले सबसे ठंडे

सोमवार को पचमढ़ी प्रदेश में सबसे सर्द रहा। यहां रात का पारा 4.6 डिग्री दर्ज किया गया। रीवा 5.6, कल्याणपुर (शहडोल) 5.9, राजगढ़ / खजुराहो (छतरपुर) 7 और चित्रकूट में पारा 7.3 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी हवाओं का असर जारी होने से ठंडक बरकरार है। हवा में नमी तेजी से बढ़ी है, जिससे अब कोहरे का असर भी बढ़ रहा है।

## बरखेड़ा की महिला पुरोहितों ने संपन्न कराए संस्कार

# यज्ञीय वातावरण में गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ आध्यात्मिक चेतना का हुआ अद्‌भुत संचार

**एक्सीलेंस कॉलेज की प्रोफेसर संध्या पाण्डे ने महिलाओं को आत्मबल एवं संस्कार विषय पर दिया प्रेरक संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला मंडल गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा के माध्यम से शक्ति संवर्धन पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ सागर लेक व्यू क्लब हाउस पार्क अयोध्या बायपास में संपन्न कराया गया। महायज्ञ के दौरान यज्ञीय वातावरण में गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ आध्यात्मिक चेतना का संचार किया गया। साथ ही पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, तथा जन्मदिन संस्कार सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के दौरान एक्सीलेंस कॉलेज की प्रोफेसर संध्या पाण्डे ने महिलाओं को आत्मबल एवं संस्कार विषय पर प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संस्कारों के संवर्धन, नारी सशक्तिकरण एवं आध्यात्मिक जागरण का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाया गया। भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में


गायत्री महायज्ञ का दृश्य।

श्रद्धा संवर्धन पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ एवं नारी जागरण के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हनुमान मंदिर लहरपुर, कटारा हिल्स में श्रद्धा संवर्धन पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ तथा कोलार क्षेत्र में नारी जागरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अयोध्या बाईपास सागर लेक व्यू की बहनों द्वारा यज्ञ आयोजन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं निभाई गई।

## मीठी एवं नमकीन खिचड़ी का भोग लगाने की परंपरा

# राधावल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव शुरू पहले दिन भक्तों ने देखी गौचरण लीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इतवारा रोड स्थित श्री हित रसिक मंडली राधावल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव का सोमवार से शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन ठाकुर जी ने गौचरण लीला का भावपूर्ण दर्शन कर भक्तों को आनंदित किया। मंदिर के मुखिया नीलेश आचार्य ने बताया कि ठाकुर जी के इस वेश को देखकर भक्तों ने गाया छोटी छोटी गईयां छोटे छोटे ग्वाल। इसकी के साथ मीठी खिचड़ी का भोग लगाया गया। खिचड़ी उत्सव के क्रम में एक दिन मीठी एक दिन नमकीन खिचड़ी का भोग लगाने की परंपरा है। नीलेश आचार्य ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन 23 दिसंबर को ठाकुर जी पनिहारिन का रूप धारण कर रसिक भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न लीलाओं के दर्शन का सौभाग्य भक्तों को प्राप्त होगा, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा है।


राधावल्लभ मंदिर का सुंदर दृश्य।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को जबरदस्ती ना बनाया जाए सांता क्लॉज

**भोपाल।** स्कूली बच्चों को सांता क्लॉज बनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू उत्सव समिति, संस्कृति बचाओं मंच ने चेतावनी देते हुए कहा है कि स्कूलों में बच्चों को जबर्दस्ती सांता क्लॉज न बनाया जाए। यदि ऐसा करते हैं तो पेरेंट्स की अनुमति जरूर लें। बिना अनुमति के सांता क्लॉज बनाया तो कानूनी कार्रवाई करेंगे। शासन से मांग की गई है कि इस संबंध में आदेश जारी किए जाएंगे। जिसमें कहा जाए कि कोई भी मिशनरी व प्राइवेट स्कूल में सनातनी बच्चों को जबर्दस्ती सांता क्लॉज न बनाया जा। विहिप के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान ने कहा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल मध्य भारत सभी स्कूलों को पत्र देकर आग्रह करेंगे। कहा जाएगा कि आपके स्कूल में जो छात्र सनातन हिंदू धर्म और परंपरा को मानते हैं, उन्हें स्कूल में होने वाले क्रिसमस के कार्यक्रम में सांता क्लॉज बनने या क्रिसमस ट्री लाने का न कहा जाए।

### भागवत कथाः आज निकलेगी कलश यात्रा

**भोपाल।** रामलीला ग्राउंड बरखेड़ा भोपाल में श्रमश्री संस्था द्वारा मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा के कलश शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मनोज अवस्थी के मुखारबिंदु से 1000 वीं कथा का शुभारंभ होगा। संस्था के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा एवं महासचिव महेश मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक आयोजन किया जाएगा। श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने सभी धर्मप्रेमी एवं सामाजिक बंधुओं से कथा में शामिल हो कर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### धार और बैतूल में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बहुत जल्द निजी हाथों में होंगी। जानकारी अनुसार प्रदेश के दो जिले धार और बैतूल में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास होने जा रहा है। इन कॉलेजों की बागडोर जिनको सौंपी गई है, उन फर्म के पास पर्याप्त अनुभव नहीं है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता अमूल्य निधि और एसआर आजाद ने संयुक्त रूप से लगाए हैं। दोनों ने सोमवार को भोपाल में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन कर यह जानकारी साझा की है। अमूल्य निधि के अनुसार राज्य सरकार ने दो मेडिकल कॉलेज और कुछ जिला अस्पतालों का संचालन पीपीपी मोड पर करने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन और विवेकानंद बोधि नॉलेज फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया गया है।

### चारकोल प्लांट का ट्रायल रन 15 से होगा शुरू

**भोपाल।** आदमपुर में एनटीपीसी द्वारा बनाए जा रहे चारकोल प्लांट का ट्रायल रन 15 जनवरी से शुरू हो जाएगा। ट्रायल के बाद प्लांट का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा यहां सीएंडडी वेस्ट प्लांट भी लगभग बनकर तैयार हो गया है। निगमायुक्त, महापौर स्थलों का निरीक्षण कर चुकी हैं। बीते सप्ताह निगमायुक्त, एनटीपीसी अधिकारियों के साथ इसके संचालन को लेकर बैठक भी हो चुकी है।

## राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें आ रही दो से तीन घंटे तक की देरी से

# रूट बदलने एवं कोहरे से नौ घंटे तक की देरी से भोपाल आ रही ट्रेनें, यात्री परेशान


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। सोमवार को भोपाल आने वाली दो दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां केरल एक्सप्रेस करीब नौ घंटे, तो राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें भी दो से तीन घंटे की देरी से आ रही है तो वहीं भोपाल एक्सप्रेस भी पिछले 6-7 दिनों से लगातार तीन से चार घंटे की देरी से आ रही है। इसके चलते यात्रियों को स्टेशन पर घंटो ट्रेन के इंतजार में परेशान होना पड़ रहा है। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिला,बच्चों व बुजुर्गो को झेलनी पड़ रही है।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12626 केरला एक्सप्रेस 9:27 घंटे लेट
- 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुम्बई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस राजधानी एक्सप्रेस 3:10 घंटे लेट
- 22692 बंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 2:50 घंटे लेट
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 7:00 घंटे लेट
- 20424 पातालकोट 2.56 घंटे लेट
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 3:55 घंटे लेट
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 6:35 घंटे लेट
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 1:04 घंटे लेट
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 4:30 घंटे लेट
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 1.40 घंटे लेट
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.03 घंटे लेट
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 5:09 घंटे लेट
- 2186 रीवांचल एक्सप्रेस 0:32 मिनट लेट
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 4:24 घंटे लेट
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 4:15 घंटे लेट
- 11072 कमायानी एक्सप्रेस 1:25 घंटे लेट
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 7:16 घंटे लेट
- 11271 विध्यांचल एक्सप्रेस 4:12 घंटे लेट
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 4:41 घंटे लेट
- 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 2:00 घंटे लेट

**सेंट्रल लाइब्रेरी तिराहे से नादरा बस स्टैंड तक रोजाना लग रहा जाम, इससे दस ट्रेनों के 25 हजार से अधिक यात्री परेशान**

सेंट्रल लाइब्रेरी तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड तक आए दिन शाम के समय लगभग एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में ऑफिस छुट्टी खत्म होते ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस दौरान महज एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को करीब एक घंटे का समय लग जाता है। ऐसे में भोपाल रेलवे स्टेशन से दस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों पर इसका असर पड़ रहा है। जाम से दो चार होने के कारण करीब 25 हजार यात्री देरी से स्टेशन पहुंच पा रहे हैं।

## धार्मिक या पर्यटक क्षेत्र की ओर दिलचस्पी

### 2026 नया वर्ष जश्न के लिए धार्मिक नगरी जाने वाली ट्रेनें फुल, अब प्राइवेट वाहन या तत्काल का भरोसा

नववर्ष 2026 की शुरुआत करने के लिए भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग धार्मिक क्षेत्र या पर्यटक क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं। 25 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टियां भी रहती है ऐसे में लोग परिवार के सहित नववर्ष में धार्मिक यात्राएं करते हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु धार्मिक स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं। खासकर वैष्णोदेवी, अयोध्या, मथुरा, नासिक, शिरडी तिरुपति बालाजी और वाराणसी जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस कारण इन स्थलों को जोड़ने वाली ट्रेनें 15 दिनों से पूरी तरह से बुक चल रही हैं। जम्मूकश्मीर, अयोध्या, मथुरा व गोवा जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग अधिक है। इसके चलते मालवा एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में पांच फरवरी तक वेटिंग चल रही है।

- अयोध्या वैष्णोदेवी, मथुरा, वाराणसी, नाशिक, चित्रकूट, प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग
- भोपाल से जम्मू, लखनऊ और पुणे जाने वाली ट्रेनों में 30 जनवरी तक स्लीपर में वेटिंग

### 24 दिसंबर से 30 जनवरी तक ट्रेनों में स्थिति

भोपाल से जम्मू - स्लीपर कोच में 30 जनवरी तक वेटिंग
11077 झेलम एक्सप्रेस
12919 मालवा एक्सप्रेस
16031 अंडमान एक्सप्रेस
भोपाल से लखनऊ - स्लीपर कोच में 30 जनवरी तक वेटिंग
22538 कुशीनगर एक्सप्रेस
12534 पुष्पक एक्सप्रेस
12173 उद्योग नगरी एक्सप्रेस
भोपाल से पुणे - स्लीपर कोच में 30 जनवरी तक वेटिंग
12780 गोवा एक्सप्रेस
11078 झेलम एक्सप्रेस
12782 हजरत निजामुद्दीन - मैसूरु स्वर्ण जयंती सुपरफास्ट एक्सप्रेस
भोपाल से मुंबई
12138 पंजाब मेल - स्लीपर कोच में 29 जनवरी तक वेटिंग
12533 पुष्पक एक्सप्रेस - स्लीपर कोच में 15 जनवरी तक वेटिंग।

## राष्ट्रपति के निर्देश पर सौंपी गई जिम्मेदारी

# ट्रिपल आईटी भोपाल के बीओजी अध्यक्ष पद पर मोदी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जो संस्थान की विजिटर भी हैं, के निर्देशानुसार कविता खन्ना के स्थान पर अब अशोक कुमार मोदी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रिपल आईटी भोपाल की स्थापना भारत सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और इंडस्ट्री पार्टनर आरजीपीवी की साझेदारी से हुई है। नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कुमार मोदी एक प्रतिष्ठित उद्योगपति तथा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हितधारक हैं। वे प्रसिद्ध ईडन ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं, जिसका व्यवसाय रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में फैला हुआ है। एक सफल उद्यमी के रूप में मोदी ने अपने व्यावसायिक साम्राज्य का निर्माण गहरी दूरदर्शिता और रणनीतिक योजना के साथ किया है। उनकी उपलब्धियों में विजनरी ऑफ द ईयर और आउटस्टैंडिंग एंटरप्रेन्योर जैसे राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं। वे एनआईटी पटना के भी चेयरमेन हैं। उनकी नियुक्ति को ट्रिपल आईटी भोपाल के लिए उद्योग जगत के व्यावहारिक अनुभव और निवेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अशोक कुमार मोदी की यह नियुक्ति 6 माह की अवधि से स्थाई अध्यक्ष की नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा अशोक कुमार मोदी का नेतृत्व और उद्योग संबंधी गहन अनुभव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति सिद्ध होगा।


अशोक मोदी

## दाता कॉलोनी, जहांगीराबाद में हुई कार्रवाई

# सरकारी जमीन से हटाए गए कब्जे अवैध निर्माण पर चला हथौड़ा


अवैध कब्जे पर कार्रवाई का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा और अतिक्रमण शाखा द्वारा सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अवैध निर्माण ढहाने की कार्रवाई की गई। बागसेवनिया में सरकारी भूमि रिक्त करवाई गई। यहां अवैध रूप से बने कमरे और चार दुकानों को तोडा। इसी तरह दाता कॉलोनी में पक्के निर्माण पर हथोड़ा चला। जहांगीराबाद क्षेत्र में भी अवैध निर्माण तोड़ा गया। बागसेवनिया 80 फिट नया रोड से पर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण व चार स्वल्पाहार की दुकानें संचालित हो रही थीं। जबकि एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी क्षेत्र में अवैध रूप से पक्का जीना बना हुआ था। निगम अमले ने इसे ढहा दिया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते के दलों ने बावड़िया कला, स्वर्ण जयंती पार्क, ओम नगर चौराहा, भेल संगम, जहांगीराबाद, लालघाटी चौराहा, एयरपोर्ट रोड दाता कालोनी आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## नपा, ननि अफसर-जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में आम लोगों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर निवास कार्यालय में सोमवार को महापौर मालती राय ने नगर निगम भोपाल और बैरसिया नगर पालिका के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत कार्य योजना बनाने को लेकर चर्चा की और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए आम लोगों की सहभागिता की थीम पर कार्य योजना बनाने को कहा। इसके अलावा स्वच्छ एम्बेसडर बनाने, स्वच्छ शनिवार के तहत स्वच्छता की गतिविधियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत बैरसिया नगर में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के संबंध में चर्चा की। नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत बैरसिया नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता की गतिविधियों व कचरा प्रबंधन आदि कार्यों में सहयोग दिया जा रहा है।

## साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने साइबर कानूनों की दी जानकारी

# आरजीपीवीः अराताई स्वदेशी एप पर आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूआईटी आरजीपीवी में यूज ऑफ़ सोशल मीडिया फॉर गवर्मेन्ट, यूनिवर्सिटी एम्प्लॉयी एवं अराताई ओवर व्हाट्स एप फॉर आत्मनिर्भर भारत विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विवि स्वावलंबन केंद्र, स्वदेशी शोध केंद्र तथा मानविकी विभाग एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य सरकारी एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं कानूनी उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ इंजी. तनिष राय ने सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराध, डेटा चोरी, फर्जी लिंक, तथा साइबर कानूनों की जानकारी दी।


साइबर कानूनों पर कार्यशाला का दृश्य।

## गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर किया गया माल्यार्पण

# एसपीएम कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस, विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, भोपाल- नर्मदापुरम संभाग, डॉ मथुरा प्रसाद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूप सिंह बैस अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना ने रामानुजन के अवदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने गणित के क्षेत्र में वैश्विक पटल पर भारत के सम्मान एवं गौरव को स्थापित किया।


राष्ट्रीय गणित दिवस पर मौजूद अतिथि।

### बेहतर भविष्य का निर्माण करें विद्यार्थी

मुख्य अतिथि डॉ मथुरा प्रसाद ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए विविध क्षेत्रों के विकास में गणित की केंद्रीय भूमिका का निरूपण किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के विकास में शासन की प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग कर अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ एसके मल्होत्रा ने रामानुजन के जीवन वृत्त पर केंद्रित प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामानुजन के प्रमुख गणितीय विचारों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। डॉ राजेश श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष गणित के निर्देशन में पोस्टर प्रदर्शनी और प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के विद्यार्थी अरविंद रघुवंशी और कुमारी कंचन धाकड़ ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ सुषमा जैन के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ कीर्ति जैन, डॉ मीनू चतुर्वेदी, डॉ. अनीता मंडलोई, डॉ नीतू प्रिया लचौरियां और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ वीपी सिंह गौर तथा आभार डॉ ज्योति पंथी ने माना।

SEWA SADAN EYE HOSPITAL
Our Mission - Your Vision


परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी

परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के उत्तराधिकारी
संत सिद्ध भाऊजी
के 73वें जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं


संत सिद्ध भाऊ जी

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय
विगत 38 वर्षों से लगातार सेवारत

- मोतियाबिंद सर्जरी
- स्क्विंट (तिरछापन)
- डायबिटिक रेटिनोपैथी
- ग्लूकोमा
- रेटिना
- ओकुलोप्लास्टी
- आर.ओ.पी
- लो विजन

✓ तुलनात्मक रियायती दरें
✓ उच्च गुणवत्ता मानकों से नेत्र चिकित्सा
✓ 14 वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों की सेवाएं
✓ 3.68 लाख से अधिक रोगियो के नेत्र ऑपरेशन
✓ अब तक 2285 रोगियों के नेत्र प्रत्यारोपण

ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करें

सिविल अस्पताल के पीछे संत हिरदाराम नगर, भोपाल
फ़ोन नंबर 0755-2641200, 2643581
ईमेल-sewasadaneyehospital@gmail.com
वेबसाइट : sewasadan.org

9 स्कूली विद्यार्थी पढ़ेंगे अब संस्कृत, वेद, उपनिषद...


10 औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी में करीब 300...




*दूसरे दिन टिकटों की बिक्री 89, 380 रुपए पर सिमटी*

# दूसरे दिन मेट्रो में आधी हुई भीड़, 7 हजार से सीधे 2896 पर सिमटे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मेट्रो संचालन के दूसरे दिन सोमवार को यात्रियों की संख्या 7000 से घटकर 2896 पर सिमट गई। दोपहर साढे बारह बजे तक 1200 टिकट बिक चुके थे जबकि शाम 7 बजे एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो के आखिरी फेरे के बाद यह आंकड़ा 2896 तक पहुंचा। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि पहले दिन रविवार होने के कारण लोगों की भीड़ रही। अभी शुरुआत है। धीरे-धीरे पैसेंजर मिलेंगे। अभी लोग घूमने और देखने भी आ रहे हैं।

सोमवार को भी लोग सपरिवार मेट्रो में घूमने के लिए पहुंचे। अपने-अपने दुपहिया और चार पहिया वाहनों से अधिकांश परिवार सुभाष नगर और एम्स मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने अपने वाहन खड़े किए और अप-डाउन करके वापसी की। जबकि केवी, बोर्ड ऑफिस चौराहा और एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही इक्का-दुक्का ही रही।

2 बजकर 40 मिनट पर सुभाष नगर से चलने वाली मेट्रो में बमुश्किल 70 से 80 लोग ही सवार हुए। इनमें अधिक संख्या केवल पर्यटकों की रही। कई यात्री ऐसे भी थे जिन्होंने सुभाष नगर से 20 रुपए का टिकट लिया और बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन पर उतर गए। वे केवल मेट्रो में यात्रा का आनंद लेने के लिए पहुंचे थे।

बुजुर्ग रामलखन तो ललितपुर से केवल मेट्रो देखने और घूमने के लिए भोपाल पहुंचे, शाहजहांनाबाद के एक बुजुर्ग एम्स जाने स्टेशन पहुंचे

साढ़े बारह बजे तक 1200 टिकट बिके, शाम 7 बजे अंतिम फेरे के बाद आंकड़ा 2896 तक पहुंचा, पहले दिन 7 हजार से ज्यादा लोगों ने की थी यात्रा


मेट्रो में दिख रहे चंद यात्री।

### ललितपुर से मेट्रो में बैठने के लिए भोपाल आ गए रामलखन

ललितपुर से भोपाल केवल मेट्रो में यात्रा करने के लिए आए रामलखन ने हरिभूमि को बताया कि उन्हें मेट्रो चलने की इतनी प्रसन्नता हुई कि वे भोपाल आ गए। उन्होंने सुभाष नगर से एम्स का टिकट लिया और मेट्रो में जब वे सवार हुए तो अपने परिजनों को वीडियो काल करके लाइव दिखाते भी रहे। उन्होंने बताया कि एम्स से वापस सुभाष नगर लौटेंगे और रात की ट्रेन से ललितपुर जाएंगे।


रामलखन, यात्री

### एम्स जाने के लिए मेट्रो से की यात्रा

शाहजहांनाबाद में रहने वाले मुख्तार अहमद ने रुटीन चैक कराने मेट्रो से एम्स के लिए टिकट लिया। उन्होंने बताया कि यह अच्छी सुविधा शुरू हो गई। हमने सोचा कि बस से जाने से बढ़िया है जब अपने शहर में मेट्रो चल गई तो इसी से जाएं। उन्होंने मेट्रो के चलने पर खुशी जाहिर की।


मुख्तार, यात्री

### पति-पत्नी केवल मेट्रो में यात्रा करने पहुंचे

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पति-पत्नी मनोज जैन और अनीता जैन सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे केवल यात्रा करने आए हैं। एम्स से वापस लौटकर वे सुभाष नगर आएंगे और वापस घर जाएंगे।


मनोज व अनीता

### सौम्या और कनक अपने पिता के साथ आईं

पांच वर्षीय सौम्या और छह वर्षीय कनक अपने पिता विवेक के साथ दुपहिया वाहन से मेट्रो को देखने और यात्रा करने आईं। इस दौरान वे बेहद उत्सुक दिखीं और खुश भी। कनक ने बताया कि बच्चे जिद कर रहे थे कि मेट्रो में घूमना है।



### हम भी केवल देखने और घूमने आए

महेश अपनी पत्नी के साथ आए। उन्होंने बताया कि वे भी केवल घूमने आए हैं। मेट्रो चलना भोपाल के लिए बेहद प्रसन्नता की बात है। इससे परिवहन व्यवस्था सुधरेगी। भोपाल में विकास होगा।



### सरकारी इमारतों पर लगेंगे सोलर पैनल, होगी बिजली की बचत


इला तिवारी, जिला पंचायत सीईओ।

**भोपाल।** जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में सोलर पैनल लगाए जाएं, जिससे बिजली की बचत की जाए। इसके लिए विभाग के जिम्मेदार अफसरों को सहमति भी देना पड़ेगी। दफ्तरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए एजेंसी भी फाइनल कर दी गई है। इसके साथ ही सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कलेक्टोरेट में रखी गई टाइम लिमिट बैठक में अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी को भी कम किया जाए। टीएल बैठक में एडीएम प्रकाश नायक ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर पेंडिंग शिकायतों को निपटाने की हिदायत दी। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को आरसीएमएस पोर्टल पर नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों को निपटाने की हिदायत दी।

- टाइम लिमिट बैठक में अफसरों को दी हिदायत

## हर साल 15 हजार से अधिक केस, इस साल 6 माह में ही 10 हजार पार

# राजधानी में बढ़ रहीं डॉग बाइट की घटनाओं के बावजूद सुरक्षा इंतजामों में भारी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद इन्हें पकड़ने, सुरक्षा इंतजाम करने का काम केवल कागजों में ही चल रहा है। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी करना तो दूर शिकायत के बावजूद भी सुनवाई नहीं हो रही है। दो दिन पहले बागसेवनिया क्षेत्र में 6 साल के मासूम पर हमले के बाद मौके पर टीम तैनात की गई। जबकि अकेले भोपाल में डॉग बाइट के हर साल 15 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। इस साल तो यह आंकड़ा जनवरी से जून माह तक ही 10 हजार से ऊपर पहुंच गया।

शहर की कॉलोनियों, गली-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टॉप, चौराहे-तिराहे सहित ऐसी शायद ही कोई जगह हो जहां स्ट्रीट डॉग की चहल-पहल न हो। कई बच्चों की मौत इनके काटने से हो चुकी है जबकि राहगीरों पर लपकने की घटनाएं तो आम हैं। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां से देर रात आवाजाही करना लोगों के लिए खतरनाक बना हुआ है।इसके बावजूद निगम न तो कोई सुरक्षा के कदम उठा पा रहा है न कोई पुख्ता इंतजाम कर रहा है। डॉग स्कवॉड जोन के प्रभारी राकेश शर्मा का कहना है कि अमराई क्षेत्र में लगातार टीमें मौके पर पहुंच रही हैं। दो दिन से निगरानी की जा रही है।

*स्ट्रीट डॉग स्कवॉड टीम के पास केवल 5 वाहन और 35 डॉग कैचर*

*बागसेवनिया में 6 साल के मासूम पर हमले के बाद मौके पर भेजी गई टीम*

*संवेदनशील क्षेत्र भी किए थे चिन्हित लेकिन टीम अलर्ट मोड पर नहीं*

### छह साल के मासूम पर हमले के बाद मौके पर टीम तैनात


फाइल फोटो।

बागसेवनिया इलाके की अमराई कालोनी में शनिवार सुबह स्कूल जा रहे 6 साल के मासूम पर स्ट्रीट डॉग के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास के रहवासियों ने किसी तरह दौड़ कर बच्चे को बचाया और एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। छह वर्षीय रुद्र के पिता राजेंद्र अहिरवार ने बताया कि उनका बेटा सुबह पैदल स्कूल जा रहा था तभी घर से कुछ दूरी पर गली में घूम रहे स्ट्रीट डॉग ने अचानक उस पर हमला कर दिया। एम्स अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है और स्वास्थ्य में सुधार है।

### दो बार हमले की शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं

राजेंद्र अहिरवार का कहना है कि करीब एक महीने पहले उनके तीन साल के छोटे बेटे पर भी घर के बाहर तीन स्ट्रीट डॉग ने हमला किया था। वे सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन क्षेत्र में समस्या बनी हुई है।

### एक नजर निगम की व्यवस्थाओं पर

- शहर में 3 एबीसी सेंटर संचालित हो रहे हैं।
- 35 डॉग कैचर हैं।
- 5 वाहन हैं, प्रत्येक की क्षमता-20 है।
- 2 जोन में शहर बंटा है।
- 2 डॉग स्कवॉड प्रभारी हैं।
- 70 से 80 स्ट्रीट डॉग रोज पकडते हैं।
- 2024 में 21 हजार स्ट्रीट डॉग की नसबंदी की गई।
- नवंबर-25 तक 21 हजार स्ट्रीट डॉग की नसबंदी हो चुकी है।

### शहर में डॉग बाइट के यह बड़े मामले

- जनवरी-2024 में अयोध्या नगर में 7 महीने के बच्चे को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह काटा, जिससे उसकी मौत हो गई।
- जनवरी-2024 में आशिमा मॉल के पास 4 साल के सुलेमान को कुत्ते ने काटा, टीका लगने के बाद भी 15 दिनों बाद रेबीज के लक्षण दिखने से उसकी मौत हो गई।
- दिसंबर-2025 में बागसेवनिया में 6 साल के मासूम रुद्र पर तीन कुत्तों ने हमला किया, जिसे आसपास के लोगों ने बचाया।
- अगस्त-25 में बागमुगालिया में एक 10 साल के बच्चे पर दो स्ट्रीट डॉग्स ने हमला किया। कुत्तों के हमले से घबराए बच्चे को चौकीदार ने बचाया।
- फरवरी-2025 में डीआईजी बंगला क्षेत्र में एक स्ट्रीट डॉग ने 10 वर्षीय बच्चे समेत 4 लोगों को काटा था।

## नाम कटने वाले मतदाता कर सकेंगे आवेदन

# आज आएगा वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट, मतदान केंद्र पर चैक कर लें अपना नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


फाइल फोटो।

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं की वोटर लिस्ट से किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद मंगलवार 23 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया जाएगा, जिसमें चार लाख 38 हजार 876 नाम काट दिए जाएंगे। डोर टू डोर सर्वे में मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल एंट्री वाले मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जबकि नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 317 मतदाताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं। इन मतदाताओं का नाम कटने के बाद जिले की सातों विस में वोटर्स की तादाद घटकर 16 लाख 87 हजार 454 हो जाएगी।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि जिले के 2289 मतदान केंद्रों पर मंगलवार को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल जारी किया जा रहा है। इसी के साथ आने वाली 22 जनवरी तक बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर रहेंगे। जहां नया और संशोधन का आवेदन पेश किया जा सकेगा। इधर जिन एक लाख 16 हजार 317 वोटर्स को नोटिस दिए गए हैं, उनसें उम्र के हिसाब से दस्तावेज लिए जाएंगे। जिसके आधार पर तय होगा कि इन मतदाताओं को नाम मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन में रहेगा या नहीं।

### 14 फरवरी तक चलेगी वार्ड दफ्तर में सुनवाई


नगर निगम क्षेत्र के 85 वार्डों में सरकारी अवकाश छोड़कर रोजाना पचास मतदाताओं की सुनवाई की जाएगी। जिसके लिए 14 फरवरी तक का समय दिया गया है। नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिस तामील कराने की जिम्मेदारी बीएलओ की रहेगी। अगर कोई मतदाता तय तारीख पर सुनवाई में नहीं आएगा तो उसको दूसरा मौका भी दिया जाएगा।

### सर्वे में 33 हजार 791 मृत मिले

एसआईआर के लिए सर्वे के दौरान जिले में 33 हजार 791 मृतक मिले हैं, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र लिए गए हैं। जिन मृतकों के प्रमाण पत्र नहीं मिले हैं, उनका पंचनामा तैयार किया गया है। बावजूद इसके 22 जनवरी तक मतदाता सूची के ड्राफ्टरोल को लेकर दावे-आपत्ति पेश किए जा सकते हैं।

### अब ऐसी रहेगी विधानसभाओं की तस्वीर

| विधानसभा | शेष |
|---|---|
| बैरसिया | 198638 |
| नरेला | 274078 |
| दक्षिण पश्चिम | 170856 |
| मध्य | 177256 |
| गोविंदपुरा | 304560 |
| हुजूर | 321056 |
| कुल शेष | 16 लाख 87 हजार 454 |



*नोट - इस आंकड़े में 1 लाख 18 हजार 863 नौ मेपिंग वाले मतदाता शामिल हैं।*

## भोपाल-दिल्ली 16 रुपए हो सकता है मंहगा

# नॉन-एसी, एसी कोचों में सफर के लिए देना होगा अतिरिक्त शुल्क


स्टेशन पर टिकट काउंटर पर मौजूद यात्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल। यात्रियों की सुविधा और रेलवे की वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने यात्री किराया में बदलाव किया है। यह नया किराया 26 दिसंबर से लागू होगा। नए प्रावधानों के तहत उपनगरीय एकल यात्रा किरायों और सीजन टिकटों चाहे वे उपनगरीय हों या गैर-उपनगरीय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। वहीं, साधारण गैर-एसी श्रेणी की ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के लिए 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे।

### सभी प्रमुख और विशेष ट्रेनों पर लागू होगा किराया

एसी श्रेणी में प्रति किलोमीटर 0.2 पैसे की वृद्धि की गई है। वहीं, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की गैर-एसी श्रेणियों जैसे द्वितीय श्रेणी, स्लीपर और प्रथम श्रेणी में किराया एक पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। एसी वर्ग की मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों जैसे एसी चेयर कार, एसी थ्री-टियर, एसी टू-टियर, एग्जीक्यूटिव क्लास और अनुभूति कोच में दो पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह संशोधित किराया राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत, दुरंतो, तेजस, हमसफर, एसी विस्टाडोम कोच और अनुभूति कोच सहित सभी प्रमुख और विशेष ट्रेनों पर लागू होगा।

**भोपाल से दिल्ली (700 किमी)**

| ट्रेन | कोच | वर्तमान किराया | बढ़ोतरी | नया किराया |
|---|---|---|---|---|
| भोपाल एक्सप्रेस: | थर्ड एसी | 1080 | 15 | 1095 |
| | सेकंड एसी | 1520 | 17 | 1537 |
| राजधानी एक्सप्रेस | थर्ड एसी | 1865 | 15 | 1880 |
| | सेकंड एसी | 2545 | 16 | 2561 |
| शताब्दी एक्स.12001 | चेयर कार | 1635 | 15 | 1650 |
| | एक्जीक्यूटिव चेयर | 2555 | 15 | 2570 |

**भोपाल से लखनऊ (591 किमी)**

| ट्रेन | कोच | वर्तमान किराया | बढ़ोतरी | नया किराया |
|---|---|---|---|---|
| पुष्पक एक्सप्रेस | थर्ड एसी | 965 | 14 | 979 |
| | सेकंड एसी | 1355 | 14 | 1369 |

## सात सिलेंडर, रिफलिंग मोटर सहित एक ऑटो जब्त

# सवारी ऑटो में गैस सिलेंडर से रिफलिंग चैकिंग टीम देखकर भागे ऑटो चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल। घरेलू गैस सिलेंडरों से कार और ऑटो में गैस रिफलिंग का काम जारी है। सोमवार को खाद्य विभाग की टीम जब सेंट्रल लाइब्रेरी के पास स्थित एक कारखाने में पहुंची तो वहां घरेलू गैस सिलेंडर से सवारी ऑटो में बिजली मोटर से रिफलिंग की जा रही थी। कारखाने के बाहर ऑटो में गैस भरवाने के लिए ऑटो चालक लाइन में लगे थे। टीम ने जैसे ही छापा मारा, वहां से आधा दर्जन ऑटो चालक ऑटो लेकर भाग खड़े हुए।

सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने बताया कि सेंट्रल लाइब्रेरी के पास घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से रिफलिंग करने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके पर फैजान नामक युवक दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में रिफलिंग कर रहा था।

मौके से पांच घरेलू और दो कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। मौके पर रिफलिंग करते पाए जाने पर एक सवारी ऑटो भी जब्त किया गया है। इधर टीम को मौके पर देखकर भागे ऑटो चालकों को पकड़ा नहीं जा सका।


चैकिंग टीम व आरोपी जब्त माल के साथ।

## पेड़ों से लिपटकर पर्यावरण प्रेमी कटने से बचाने लगाएंगे गुहार

# अयोध्या बायपास रोड को सिक्सलेन करने के लिए पेड़ काटने का काम शुरू, दो दिन में 60 से ज्यादा पेड़ काटे

अयोध्या बायपास चौड़ीकरण परियोजना के साथ-साथ लगाए जाएंगे 10,000 पौधे

परियोजना के अंतर्गत करीब 5,000 वृक्ष टिम्बर श्रेणी के काटे जाने हैं

एनएचएआई का तर्क: 81,000 पौधों का रोपण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भेल क्षेत्र के अयोध्या बायपास रोड को सिक्सलेन करने के लिए रोड निर्माण के दायरे में आ रहे पेड़ों को काटने का काम निगम की उद्यानिकी शाखा ने शुरू कर दिया है। पहले दिन 60 से ज्यादा पेड काटे गए। इस दौरान एकलेन से आवाजाही बंद करने से जाम के हालात बन गए। वहीं पेड़ों की कटाई के विरोध में शहर के पर्यावरण प्रेमियों का विरोध भी सामने आना शुरू हो गया है। उनके द्वारा 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे काकड़ा फार्म हाउस अयोध्या बायपास के सामने एकत्र होने की अपील की गई है। पर्यावरण प्रेमी पेड़ों से लिपटकर उन्हें काटने से बचाने की गुहार लगाएंगे।

परियोजना के अंतर्गत करीब पांच हजार वृक्ष टिम्बर श्रेणी के काटे जाने हैं। एनएचएआई का तर्क है कि कटाई के प्रतिपूरक उपाय के रूप में 81,000 पौधों का रोपण किया जाएगा। यही नहीं अयोध्या बायपास चौड़ीकरण परियोजना के साथ-साथ 10,000 पौधे अयोध्या बायपास के दोनों ओर लगाए जाएंगे। पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने के बाद निगम के अधिकारियों की निगरानी में यह काम शुरू किया गया है।

### 2050 तक के यातायात को रखा दृष्टिगत


अयोध्या बायपास रोड की सिक्सलेन योजना।

वर्तमान में अयोध्या बायपास की यातायात वहन क्षमता करीब 40 हजार वाहन प्रतिदिन है, जबकि इस मार्ग पर वर्तमान में ही करीब 45 हजार वाहन प्रतिदिन आवागमन कर रहे हैं। पूरे बायपास को छह लेन में विकसित करने का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह वर्ष 2050 तक के अनुमानित यातायात दबाव को सुचारु रूप से संभाल सके।

### अनुमति मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ...

अयोध्या बायपास रोड पर पेड़ों को काटने का काम शुरू हुआ है। अब तक 60 से 70 पेड काटे गए हैं। पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ है।

**हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, उपायुक्त, नगर निगम**



## खबर संक्षेप

### रियल्टी क्षेत्र में रिकॉर्ड 10.4 अरब डॉलर का निवेश आया



**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 2025 के दौरान संस्थागत निवेश 17 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 10.4 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। जेएलएल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बेहतर प्रतिफल के लिए घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशकों ने वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं में पूंजी लगाई है।

### वरुण बेवरेजेज ट्विजा का करेगी अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** वरुण बेवरेजेज ने दक्षिण अफ्रीका स्थित कंपनी ट्विजा का अपनी स्थानीय अनुषंगी कंपनी द बेवरेजेज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बेवको) के माध्यम से पूर्ण अधिग्रहण करने की घोषणा की है। वरुण बेवरेजेज, पेप्सिको की भारत तथा दुनिया के कई देशों में ब्रांडेड पेय पदार्थों का निर्माण एवं वितरण करती है। इसमें शराब के कोई पदार्थ शामिल नहीं है।

### वन मेले में मानसरोवर के मंच पर परफॉर्मेंस पर थिरके युवा

**भोपाल।** सेंट्रल इंडिया की मोस्ट वाइब्रेंट यूनिवर्सिटी, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय वन मेले में आयोजित नीरज श्रीधर नाइट्स में युवा वो चली वो चली, नींद चुराई, इश्क मोहब्बत आदि गानों पर झूमते थिरकते नजर आए। लाल परेड ग्राउंड में मशहूर गायक की लाइव परफॉर्मेंस आकर्षण का केंद्र रही। समूह के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान हिस्सा ले रहा है।

### कक्षा 8 के छात्र ने ओरिएंटल स्कूल को दिलाया राष्ट्रीय गौरव



**भोपाल।** दी ओरिएंटल स्कूल, भोपाल के कक्षा 8 के छात्र अबीर वर्मा ने नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड (एनएओ) 2025 में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीतकर विद्यालय, शहर और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित ओलंपियाड टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा सीबीएसई एवं ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में भारत और मध्य पूर्व के 9,500 से अधिक विद्यालयों के 1,37,000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से केवल 172 विद्यार्थियों का चयन टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय फाइनल के लिए किया गया। 17 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय फाइनल प्रतियोगिता चुनौतीपूर्ण रही। अबीर वर्मा को राष्ट्रीय चैंपियन पुरस्कार एवं नकद राशि से सम्मानित किया गया।

# फरवरी 2026 से बदलेगा महंगाई, जीडीपी और आईआईपी डेटा का आधार वर्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि वह खुदरा मुद्रास्फीति, राष्ट्रीय लेखा और औद्योगिक उत्पादन से जुड़े प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों की नई श्रृंखला अगले वर्ष जारी करेगा, जिसमें आधार वर्ष बदला गया होगा।

■ खुदरा मुद्रास्फीति व राष्ट्रीय लेखा के नई श्रृंखला फरवरी से होगी जारी

मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति और राष्ट्रीय लेखा से संबंधित नई श्रृंखला को फरवरी, 2026 में जारी करेगा। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की नई श्रृंखला मई, 2026 में जारी की जाएगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार वर्ष में बदलाव को लेकर मंगलवार को एक परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय जारी करेगा आंकड़े

### खाने-पीने की चीजों का वेटेज कम होगा

अभी रिटेल महंगाई के कैलकुलेशन में फूड आइटम्स यानी खाद्य पदार्थों का हिस्सा काफी ज्यादा है। मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, नई सीरीज में खाने-पीने की चीजों के 'वेटेज' को कम किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे-जैसे लोगों की कमाई बढ़ती है, वे खाने के बजाय दूसरी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन पर ज्यादा खर्च करने लगते हैं। नई सीरीज में इन आधुनिक जरूरतों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा।

*जरूरी था यह बदलाव : सांख्यिकी मंत्रालय के सचिव ने पहले भी संकेत दिए थे कि डेटा में सुधार की प्रोसेस चल रही है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ऐसे में पुराने मानकों पर डेटा जारी करने से कई बार पॉलिसी बनाने में दिक्कत आती है। नया बेस ईयर आने से रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी ब्याज दरों पर फैसला लेने में आसानी होगी। क्योंकि उनके पास महंगाई का ज्यादा सटीक डेटा होगा।*




*आईआईपी नए सीरीज में होगा शिफ्ट : औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी), जो देश के विनिर्माण और माइनिंग सेक्टर की रफ्तार बताता है। उसे मई 2026 से नई सीरीज में शिफ्ट किया जाएगा। इसमें उन नए उत्पादों को शामिल किया जाएगा, जिनका उत्पादन हाल के वर्षों में शुरू हुआ है। जबकि उन पुराने सामानों को लिस्ट से हटाया जा सकता है, जिनकी अब बाजार में मांग नहीं रही।*

### आम जनता पर असर

सीधे तौर पर इसका आम आदमी की जेब पर असर नहीं पड़ता, लेकिन सरकार की योजनाएं इसी डेटा पर आधारित होती हैं। अगर महंगाई का डेटा सही होगा, तो सरकार कीमतों को कंट्रोल करने के लिए बेहतर कदम उठा पाएगी। साथ ही जीडीपी के सटीक आंकड़ों से विदेशी निवेशकों का भरोसा भी भारत की अर्थव्यवस्था पर बढ़ता है।

### आईआईपी का आधार वर्ष 2022-23 होगा

इसके अलावा, आईआईपी की नई श्रृंखला का आधार वर्ष भी 2022-23 होगा। जिसे 28 मई, 2026 को जारी किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि आधार वर्ष में बदलाव पर होने वाली परामर्श कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन के तहत प्रस्तावित पद्धतिगत और संरचनात्मक बदलावों को साझा करना और प्रतिभागियों से सुझाव एवं टिप्पणियां प्राप्त करना है।

## उद्योग के लिए वर्ष 2026 नया परिवेश तैयार करेगा

# दवा क्षेत्र 2047 तक 500 अरब डॉलर का होगा, 2026 में रहेगा नया लक्ष्य

यह वर्ष पांच वर्षीय अवधि की शुरूआत को होगा संकेत

वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दवा उद्योग के लिए वर्ष 2026 आवश्यक परिवेश तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पांच वर्षीय अवधि की शुरुआत का संकेत है, ताकि वह स्वयं को नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। यह प्रयास शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी निकट अवधि की चुनौतियों के बीच किया जा रहा है।

देश का मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं पर आधारित दवा उद्योग पिछले 25 वर्ष में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 60 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचा है। अब अगली पीढ़ी की दवाओं में नवाचार की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। उद्योग साथ ही अगले सात वर्ष में विशिष्ट अधिकार समाप्त होने जा रही 300 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की दवाओं को हासिल करने के अवसर का लाभ उठाने की भी कोशिश करेगा।

### नवाचार का एजेंडा गति पकड़ रहा

भारतीय दवा संघ के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, "आज भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और अगले 25 वर्ष नवाचार, गुणवत्ता और पहुंच के आधार पर तय होंगे।' उन्होंने कहा कि देशी दवा कंपनियों में नवाचार का 'एजेंडा' उल्लेखनीय गति पकड़ रहा है।



### अगली पीढ़ी की दवाईयों के लिए कर रही करार

महासचिव ने कहा कि भारत के नवाचार की ओर बढ़ने के उत्साहजनक संकेत देखे जा सकते हैं, क्योंकि प्रमुख भारतीय दवा कंपनियां उच्च मूल्य वाले उत्पाद खरीद रही हैं, लाइसेंस समझौते कर रही हैं और अगली पीढ़ी की दवाओं के लिये विनियामक स्वीकृतियां प्राप्त कर रही हैं। भारतीय दवा संघ (आईपीए) में 23 प्रमुख दवा कंपनियां शामिल हैं जिनमें सन फार्मा, सिप्ला, ऑरोबिंडो फार्मा और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज शामिल हैं।

### उत्पादन मानकों को उन्नत करना होगा

मताई ने कहा कि सरकार का उत्पादन मानकों को उन्नत करने, अनुसंधान एवं नवाचार में निरंतर निवेश के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक गुणवत्ता मानकों के साथ तालमेल स्थापित करने पर पुनः ध्यान केंद्रित करना केवल समयानुकूल ही नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी भी है।

### नीतिगत रफ्तार को उपलब्धियों में बदलना होगा

जैन ने कहा, "वर्ष 2026 से आगे आने वाले पांच वर्ष क्रियान्वयन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होंगे, नीतिगत रफ्तार को ठोस उपलब्धियों में बदलने के लिए ताकि भारत वर्ष 2047 तक 450–500 अरब डॉलर का उद्योग बनने एवं वैश्विक जीवन विज्ञान नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित होने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।"

■ जनेरिक दवाओं का उद्योग 25 वर्ष में तीन से 60 अरब डॉलर पहुंचा

### स्वास्थ्य उद्योग निर्णायक दशक में कर रहा प्रवेश

भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा मंच 'नेट हेल्थ' की अध्यक्ष अमीरा शाह ने कहा कि स्वास्थ्य उद्योग भी 2026 से शुरू होने वाले अपने सबसे निर्णायक दशक में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, "मुख्य उपचारों के पेटेंट समाप्त होने, नए देखभाल मॉडल के उभरने एवं सरकार द्वारा कई मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा को आगे बढ़ाए जाने के साथ, भारत के पास पहुंच एवं वैश्विक नेतृत्व दोनों का विस्तार करने का अवसर है।'

### शुल्क में उतार चढ़ाव की बनी रहेगी चुनौती

दूसरे उद्योग संगठन, भारतीय दवा उत्पादक संगठन (ओपीपीआई) ने भी माना कि वर्तमान में भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। ओपीपीआई के महासचिव अनिल मताई ने कहा, "शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी बाहरी चुनौतियां निकट अवधि में मुश्किलें पेश करने के साथ ही मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन परिवेश बनाने के रणनीतिक महत्व को भी और मजबूती देती हैं।"

## रिलायंस ज्वेल्स का 'ड्रीम डायमंड सेल', फ्री गोल्ड कॉइन ऑफर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिलायंस ज्वेल्स अपने बहुप्रतीक्षित और लोकप्रिय ड्रीम डायमंड सेल की एक बार फिर वापसी कर रहा है, जो ग्राहकों को इस सीज़न को खास अंदाज़ में मनाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यह सेल 27 जनवरी 2026 तक चलेगी। ऐसे समय में जब लोग साल के अंत में सोच-समझकर तोहफे चुन रहे हैं, त्योहारों की खरीदारी कर रहे हैं और नए साल की शुरुआत किसी यादगार चीज़ के साथ करना चाहते हैं, यह ऑफर खास मायने रखता है। इस साल का ड्रीम डायमंड सेल इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि डायमंड ज्वेलरी की खरीद हर किसी के लिए आसान और सुलभ हो-चाहे कोई अपनी पहली डायमंड ज्वेलरी खरीद रहा हो, किसी खास मौके को सेलिब्रेट कर रहा हो या लंबे समय से पसंदीदा डायमंड ज्वेलरी को घर लाने का सपना पूरा कर रहा हो। ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर हर 25,000 की खरीद पर 0.25 ग्राम का फ्री गोल्ड कॉइन मिलेगा। यह सीज़न डायमंड और गोल्ड-दोनों को एक साथ घर लाने का अनोखा मौका देता है, जिससे खरीदारी और भी खास और यादगार बन जाती है। इसके अलावा, सेल अवधि के दौरान 75,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीद पर गोल्ड मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी ग्राहक उठा सकते हैं।



### देशभर में 145 प्लस स्टोर्स

ग्राहक रिलायंस ज्वेल्स के स्टोर्स पर डायमंड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज देख सकते हैं-जिसमें रोज़मर्रा की पसंदीदा बालियां, अंगूठियां और चेन से लेकर स्टेटमेंट पीस जैसे चोकर और ब्राइडल डिज़ाइन्स शामिल हैं। यह सेल भारत भर में 145 प्लस रिलायंस ज्वेल्स स्टोर्स पर उपलब्ध है।

## वीआईटी चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत पर्यावरण संरक्षण पर सम्मेलन

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को वीआईटी चेन्नई में आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। नीदरलैंड्स के हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश लियोनार्डो नेमर काल्डेइरा ब्रांट मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने समापन संबोधन दिया। वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जीवी. सेल्वम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुरेश कुमार ने विशेष संबोधन दिया। अपने संबोधन में ब्रांट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का एक प्रमुख उद्देश्य देशों को पर्यावरणीय क्षति पहुंचाने से रोकने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राष्ट्र से अपेक्षा की जाती है कि वह जलवायु प्रणाली को नुकसान से बचाने के लिए समुचित सावधानी बरतें। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून, जलवायु परिवर्तन कानूनों तथा की भूमिका के इतिहास और विकास का



उल्लेख करते हुए ब्रांट ने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, पर्यावरणीय क्षति तथा समुद्री और वन्यजीव संरक्षण को लेकर देशों के बीच हुए कई अंतरराष्ट्रीय विवादों के मामलों का भी हवाला दिया।

### पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत आवश्यकः डॉ. सेल्वम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जीवी सेल्वम ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और कानून का पालन, आज और भविष्य में ग्रह की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सूचित कार्रवाई और उत्तरदायी अंतरराष्ट्रीय कानून, सतत विकास को बढ़ावा देते हुए आगे होने वाली पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए एक सशक्त ढांचा प्रदान करते हैं। डॉ. जीवी सेल्वम ने कहा कि यह विद्वानों और विधि विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर साझा वैश्विक चिंताओं पर कानूनी परामर्श देने में सक्षम बनाता है।

# कला प्रवाह में खूब सराही गई कृष्णा त्रिपाठी की चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

रविंद्र भवन में आयोजित सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी कलाप्रवाह का 20 दिसंबर को मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा के द्वारा उद्घाटन किया गया था। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राकेश अग्रवाल रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर, निशी अग्रवाल और विवेक घारू उपसचिव मध्य प्रदेश शासन, शामिल रहे।

चित्रकारी कला प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र थे मात्र पांच वर्ष के कृष्णा त्रिपाठी, जिनकी आयु के साथ बनाई गई उनके द्वारा चित्रकारी बहुत ही खूबसूरत और मनोहर है। ये जान के बहुत ही आश्चर्य होता है कि हमारे भारत देश में इतनी बाल्य अवस्था में इतनी खूबसूरती से कला को प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही पैंसठ वर्ष की आयु में भी हम कहीं भी कला से पीछे नहीं हैं, वो एक साक्षात उदाहरण रही, यहां आई हुई मालवीय मैडम का। उनकी कला ने सभी को प्रभावित किया है।



विविधता में एकता जिस तरह भारत देश में पाई जाती है, वैसे ही इस चित्र प्रदर्शनी में अलग-अलग प्रकार की चित्रकारी देखने को मिली है, जो कि आकर्षण का केंद्र रही। यह प्रदर्शनी दर्शाती है कि कैसे विविधता में भी एकता हो सकती है, और कैसे अलग-अलग कलाकार अपनी अनोखी शैली से लोगों को आकर्षित कर सकते हैं।

इस प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र था कृष्णा द्वारा बनाई हुई चित्र प्रदर्शनी, जिसमें कृष्णा ने कृष्ण भगवान की तरफ ऊंगली दिखाकर बताया कि ये मेरे द्वारा बनाई गई है। और मुझे बनाने पर ऐसा लग रहा था जैसे मैं स्वयं कृष्ण को अपने साथ महसूस कर पा रहा हूं। कृष्ण की तस्वीर को देखकर सभी लोग भावुक हो गए थे। कार्यक्रम में आए हुए सभी विशिष्ट अतिथि, मुख्य अतिथि, अभिभावक, समस्त परिवार गण और सभी प्रतिभागियों, आप सब लोगों ने अपना अग्रणीय योगदान के साथ चित्र प्रदर्शनी को सफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कला प्रवाह की संचालक प्रगति पटेल विगत पांच वर्षों से इस प्रदर्शनी को अलग-अलग शहरों में आयोजित करती आ रही है। कला प्रवाह अभी तक लगभग 3000 चित्रों का प्रदर्शन विगत 5 वर्षों की प्रदर्शनी में शामिल कर चुका है। 2025 में छठवां कला प्रवाह प्रदर्शनी में 150 कैनवास पेंटिंग को शामिल किया गया है।

### सेल को संचार क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए आठ राष्ट्रीय पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | बीएचईएल शाखा भोपाल

**लॉकर धारकों के लिए सूचना**

लॉकर धारकों और बैंक के बीच निष्पादित सेफ डिपाजिट लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार लॉकर किराए का भुगतान न किए जाने के परिणामस्वरूप, टर्मिनेशन नोटिस और ब्रेक ओपन नोटिस डाक के माध्यम से निम्नलिखित लॉकर धारकों की उनके पंजीकृत पते पर भेजे गए थे। हालांकि उक्त नोटिस अप्राप्य शाखा में वापस आ गए हैं और उक्त लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार किए गए सभी अन्य प्रयासों के बावजूद, लॉकर धारकों ने न तो जवाब दिया है और न ही उनका पता लगाया जा सका है।

| लॉकर धारक का नाम एवं पता | नोटिस की तिथि | लॉकर संख्या | अतिदेय किराया |
|---|---|---|---|
| **सार्थक इन्फ्राटेक प्रा. लि.** 25सी, इन्द्रपुरी, बीएचईएल, रायसेन रोड, बैंक ऑफ बडौदा के पास, भोपाल म.प्र. 462023 **श्री मुकेश राजपूत, (निदेशक)** म.नं. 67, लाला लाजपत राय कालोनी गोविन्दपुरा, रायसेन रोड, भोपाल (म.प्र.) **श्री प्रणय साबू, (निदेशक)** म.नं. 164, बी-सेक्टर, इन्द्रपुरी, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) 462022 | i) 26/06/2025 ii) 24/03/2025 | 3071FX0001 (नया नं.) 114 (पुराना नं.) | ₹ 56876/- (ओवरड्यू किराया + ब्रेकओपन चार्जेस) |

उपरोक्त लॉकर एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार, हम आपको सूचित करते हैं कि यदि लॉकर को सरेंडर नहीं किया जाता है और लॉकर की चाबी इस नोटिस की तारीख से 3 महीने की अवधि के भीतर वापस नहीं की जाती है, तो हम दिनांक **26.03.2026** को सुबह **12.00** बजे आपके लॉकर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू करेंगे, चाहे आप उपस्थित रहें या नहीं। और लॉकर को तोड़ते समय लॉकर से बरामद सामग्री की एक सूची, यदि कोई हो, तैयार की जाएगी।
इसके अलावा, अतिदेय किराया, जुमार्ना, शुल्क, लॉकर तोड़ने का शुल्क और अन्य खर्च आपसे वसूल किए जाएंगे तथा लॉकर में रखी सामग्री के साथ निष्पादित लॉकर एग्रीमेंट और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त संबंध में बैंक द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई बैंक के अधिकारों के अनुरुप और अविवादित होगी और इसकी लागत और जोखिम की जिम्मेदारी पूरी तरह आपकी होगी और बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।
**दिनांक : 22.12.2025**
**स्थान: भोपाल**
**शाखा प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी**
**बैंक ऑफ बड़ौदा**

## सेंट्रल बैंक के 115वें स्थापना दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सेंट्रल बैंक ने 21 दिसम्बर 2025 को बैंक ने अपने गौरवशाली इतिहास के 115 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बैंक द्वारा विविध रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन, एलीगेंट ग्रीन रिसार्ट, कोलार रोड में अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं गरिमा के साथ किया गया। बैंक के संस्थापक सर पोचखानावाला एक दूरदर्शी, राष्ट्रवादी और कुशल बैंकर थे। जिन्होने पहले पूर्णतःस्वदेशी वाणिज्यिक बैंक-सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की। इस ऐतिहासिक अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख धीरज गोयल, उप महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा, उप अंचल प्रमुख डीके पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रमुख संजीव कुमार, एवं सहायक महाप्रबंधकगण, अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त कार्मिकगण तथा आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंचल प्रमुख धीरज गोयल मुख्य वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक ने अपने 115 वर्षों के इतिहास में देश की आर्थिक प्रगति, वित्तीय समावेशन तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने बैंक के मूलमंत्र 'सेवा, विश्वास और पारदर्शिता' को रेखांकित करते हुए बताया कि सेंट्रल बैंक निरंतर आमजन, किसानों, लघु उद्यमियों, महिलाओं एवं कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी**

**क्रं. 1786 / लोक कर्म शाखा/2025** **इटारसी, दिनांक 22/12/2025**

**// ई निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _469812_1 | वार्ड क्रं 28 में जेएसआर काम्पलेक्स के सामने विद्युतीकरण निर्माण कार्य एवं पेविंग ब्लॉक कार्य। | 16,19,138/- | 2000/- 12,144/- | 21.01.2026 17.30 |
| 2 | 2025_UAD _469816_1 | वार्ड क्रं 15 पीएम श्री शा. कन्या शाला उ. मा. विद्यालय सूरजगंज में शेड एवं कक्ष निर्माण कार्य। | 31,57,480/- | 5000/- 23,685/- | 21.01.2026 17.30 |
| 3 | 2025_UAD _ 469818_1 | निकाय क्षेत्र में मेहरागांव नदी पर चेकडेम निर्माण कार्य। | 8,45,902/- | 2000/- 8,460/- | 21.01.2026 17.30 |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, इटारसी**

**बैंक आफ महाराष्ट्र** (भारत सरकार का उद्यम) www bankofmaharashtra in | अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| | **सीहोर शाखा, सीहोर** | |
| ऋणी : 1. **मेसर्स जय श्री महाकाल इंटरप्राइजेज प्रोप-श्रीमती श्वेता राठोड़ पत्नि श्री अखिलेश राठोड़** जमानतदार 2. श्रीमती श्वेता राठौड़ पत्नी श्री अखिलेश राठौड़ 3. श्री प्रेम नारायणजी राठौड़ पुत्र रामलालजी राठौड़ सभी का पता: पता 1:- 8/5, कोली मोहल्ला, शिव मंदिर चौराहा, गंज तहसील एवं जिला-सीहोर-466001 पता 2: प्लॉट नंबर 01 और 02, महाकाल धाम कॉलोनी, एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, श्यामपुर रोड के अंदर, ग्राम बिजोरी, जिला- सीहोर पता 3: प्लॉट नं. 18, 19, 39, महाकाल धाम कॉलोनी, एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, श्यामपुर रोड के अंदर, ग्राम बिजोरी, जिला- सीहोर | **संपत्ति क्रमांक 1:-** संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय मकान भूमि एवं उस पर निर्माण सहित स्थित डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 177/70/1/2 (एस) 356/177/70/1 जिसका क्षेत्रफल 0.0930 हेक्टेयर (0.23 एकड़ अर्थात लगभग 10006.80 वर्गफुट) जो ग्राम जमोनिया तालाब, तहसील-सीहोर, जिला सीहोर, म.प्र. में स्थित है। चर्तुसीमाएँ: पूर्व- डोनर की भूमि, पश्चिम- बैलगाड़ी का मार्ग, उत्तर- डोनर की भूमि, दक्षिण- डोनर की भूमि के माध्यम से प्रदान किया गया मार्ग। संपत्ति मालिक श्रीमती श्वेता राठौड़ पत्नि श्री अखिलेश राठौड़ Cersai ID: 200071591261 **संपत्ति क्रमांक 2:-** दो किता आवासीय डायवर्टेड प्लॉट और उस पर निर्माण, स्थित प्लॉट नंबर 01 और 02, खसरा नंबर 492/1 का भाग, क्षेत्रफल 4540 वर्गफुट। (421.93 वर्गमीटर) महाकाल धाम कॉलोनी, ग्राम-बिजोरी, तहसील एवं जिला-सीहोर, म.प्र. में स्थित है। चर्तुसीमाएँ: उत्तरः रोड निस्तारी, पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः रोड निस्तारी, दक्षिणः विक्रेता की भूमि, संपत्ति मालिक श्रीमती श्वेता राठौड़ पत्नी श्री अखिलेश राठौड़ Cersai ID: 200071582009 **संपत्ति क्रमांक 3:-** तीन किता आवासीय डायवर्टेड प्लॉट और उस पर निर्माण, स्थित प्लॉट नंबर 18, 19 एवं 39, खसरा नं. 492/1 का भाग, क्षेत्रफल 5022 वर्गफुट (466.73 वर्गमीटर) महाकाल धाम कॉलोनी, ग्राम-बिजोरी, तहसील एवं जिला-सीहोर, म.प्र. में स्थित है। चर्तुसीमाएँ: उत्तरः रोड निस्तारी, पूर्वः रोड निस्तारी, पश्चिमः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि, संपत्ति मालिक- श्रीमती श्वेता राठौड़ पत्नी श्री अखिलेश राठौड़ Cersai ID: 200071584251 | ₹ 145,53,152.36 + दिनांक 02/09/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च मांग सूचना दिनांक 02/09/2025 कब्जा दिनांक 18/12/2025 |

दिनांक : 23.12.2025
स्थान: सीहोर
(संजीव सज्जन)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

## चिंतन

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।



## योजना
**डॉ. अश्विनी महाजन**

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून

संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या है और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

( लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बलिदान दिवस
**आचार्य दीपचन्द भारद्वाज**



# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन पुरुषार्थ और कर्ममय था। देश और आर्य समाज के लिए स्वामी श्रद्धानंद का योगदान और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने हमेशा डटकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपने पावन कार्यों के माध्यम से आर्य समाज की सेवा की। श्रद्धानंद जी का संपूर्ण जीवन युवा आर्य शक्ति को नई ऊर्जा, पुरुषार्थ तथा राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
## दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

# जीवन का जीवन बीमा



संकलित
## प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### असम के विकास को प्रतिबद्ध



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मनरेगा की संरचना खत्म



नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।

**-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख**

### अधिकारी अयोग्य



एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।

**-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल**

### मैं निराश नहीं




विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।

**-वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर**

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने



अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं। अमेजन में अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान वरदराजन ने बड़े पैमाने पर ग्राहक–केंद्रित प्रौद्योगिकी मंच विकसित किए। हाल के वर्षों में वह अमेजन के 'वर्ल्डवाइड ग्रॉसरी स्टोर' कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'ओरेकल' में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में और कई स्टार्टअप के साथ भी काम किया। स्टारबक्स ने कहा कि वरदराजन को सुरक्षित और भरोसेमंद प्रणालियां विकसित करने तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर लागू करने का गहरा अनुभव है, जिसमें ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है।

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए हैं बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल ।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग–अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग–अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं।

**फॉक्सकॉन प्लांट में बनते हैं आईफोन**

उत्पादन का 80% निर्यात होता है



फॉक्सकॉन संयंत्र में काम करती महिलाएं

## हो रहा महिला सशक्तिकरण



वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, महिला सशक्तिकरण और जीवन की सुगमता पूरी तरह से प्रदर्शित हो रही है।

**युवा महिलाओं को दी नियुक्ति**

अपने नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए फॉक्सकॉन ने कथित तौर पर महिलाओं को नियुक्त किया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रही हैं और इनकी आयु वर्ग मुख्य रूप से 19-24 वर्ष है। अगले वर्ष तक, कारखाने में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग 50,000 होने की उम्मीद है।

### 20 हजार करोड़ का निवेश

इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

गडकरी ने आईआईटी के योगदान को सराहा

## विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि



भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। देश के विकास और प्रगति में आईआईटी और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। उनकी विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है।

## खबर संक्षेप

### बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं होगा माधवन नाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बॉलीवुड एक्टर आर माधवन के पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा करते हुए



कई वेबसाइट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को एक्टर की सहमति के बिना कमर्शियल फायदे के लिए उनके नाम, तस्वीरों, एआई और डीपफेक टेक्नोलॉजी का गैर-कानूनी इस्तेमाल करने से रोका है।

### दरगाह पर 'चादर' चढ़ाने से रोक की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर पीएम नरेंद्र मोदी को अजमेर शरीफ दरगाह पर



'चादर' चढ़ाने से रोकने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह मामला सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया। पीठ ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध नहीं है।

### निजी अस्पताल में आग लगी, सभी सुरक्षित

**मुंबई।** मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर आग लग गई, जिसके



चलते मरीजों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों सहित लगभग 250 लोगों को अस्थायी रूप से अस्पताल से बाहर निकालना पड़ा। अपराह्न 1.35 बजे भाटिया अस्पताल की सीटी-एमआरआई स्कैन इकाई में आग लग गई।

### तेज रफ्तार कार डंपर से जा टकराई, 4 की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नांगल थाना क्षेत्र में एक डंपर ट्रक से पीछे से टकराई कार में सवार एक



इस्लामिक विद्वान सहित चार लोगों की मौत हो गई। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नीतेश प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे हरिद्वार मार्ग पर यह हादसा हुआ।

अरावली विवाद पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्पष्टीकरण

# पर्यावरण की अनदेखी नहीं, नया खनन पट्टा प्रतिबंधित, चंद लोग फैला रहे 'गलत' सूचना

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वत श्रृंखला पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं का खंडन किया है। मंत्री ने कहा कि अरावली हमारे देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। पीएम की अगुवाई वाली सरकार हमेशा से हरी-भरी अरावली को बढ़ावा देती रही है। कुछ लोग कोर्ट के फैसले पर जानबूझकर गलत सूचना फैला रहे हैं, लेकिन मैंने फैसले को गंभीरता से पढ़ा है। स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई छूट नहीं दी गई है। भूपेंद्र यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर फैसला दिया है। यह पहली बार है जब सरकार के हरित आंदोलन को मान्यता मिली है। कोर्ट ने खनन के सीमित उद्देश्य के लिए एक तकनीकी समिति बनाई है।

**कोर्ट का फैसला वैज्ञानिक संरक्षण पर आधारित**

एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं दी


अरावली पहाड़ी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव (फाइल फोटो)

**100 मीटर से अधिक की आकृति अरावली पहाड़ी**

मंत्री यादव ने बताया कि 100 मीटर का मुद्दा 'ऊपर से नीचे' तक है, यानी आसपास की जमीन से 100 मीटर या ज्यादा ऊंची भू-आकृति ही अरावली पहाड़ी मानी जाएगी। इसके आधार से लेकर पूरी ढलान तक का क्षेत्र संरक्षित होगा। अगर दो पहाड़ियां 500 मीटर के दायरे में हैं, तो बीच का क्षेत्र भी अरावली रेंज का हिस्सा होगा। एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं है। नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा।

### वन्यजीव अभयारण्य सुरक्षित रहेंगे

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा।

### निगरानी और मजबूत होगी

मंत्री ने कहा कि फैसले में सभी गलत आरोपों और अफवाहों को स्पष्ट कर दिया गया है। अवैध खनन ही अरावली के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब निगरानी और मजबूत होगी। सरकार ग्रीन अरावली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। फैसले से चारों राज्यों में एकसमान नियम लागू हुए हैं, जो पहले दुरुपयोग का कारण बन रहे थे।

राजस्थान कांग्रेस का प्रदर्शन

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने की मांग

कांग्रेस की राजस्थान इकाई के कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किया। उदयपुर में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के बाद कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के सदस्य कलेक्ट्रेट के बाहर जमा हुए, नारे लगाए और अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प के बाद विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। करणी सेना और स्थानीय सामुदायिक समूहों ने अरावली की पहाड़ियों व पर्वतमाला की परिभाषा पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को पलटने की मांग की। समूहों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

### विरोध प्रदर्शन तेज होगा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की उच्चतम न्यायालय में अरावली पर्वतमाला को 'पुनर्परिभाषित' करने वाली रिपोर्ट के खिलाफ पूरे राज्य में अपने विरोध प्रदर्शन तेज करेगी। नई परिभाषा से कानूनी सुरक्षा नहीं मिलने के करण 90 प्रतिशत पर्वतमाला नष्ट हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक समिति की अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की परिभाषा पर सिफारिशों को 20 नवंबर को स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया।

केंद्र सरकार पर बरसीं सीएम ममता

## भाजपा के दबाव में आयोग 1.5 करोड़ वोटर्स का नाम हटा रहा

एसआईआर में भारी गलतियां


सीएम ममता बेनर्जी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। भाजपा 1.5 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। सीएम ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ेंगे

सीएम ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। मतुआ समुदाय के मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भाजपा के हित साध रही है। केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है।

### निलंबित विधायक कबीर ने बनाया नया दल

पश्चिम बंगाल के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपनी नई राजनीतिक पार्टी जनता उन्नयन पार्टी का गठन किया। यह कदम उन्होंने



ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से निलंबन के कुछ दिन बाद उठाया। उन्हें मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद जैसी मस्जिद की आधारशिला रखने को लेकर पार्टी से निलंबित किया गया था। बेलडांगा में आयोजित जनसभा में कबीर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि वे खुद मुर्शिदाबाद की रेजीनगर और बेलडांगा सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर अंतिम फैसला बाद में होगा।

राजनीतिक दलों को हार्ड कॉपी भी कराई जाएगी उपलब्ध

## मप्र समेत चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची आज जारी करेगा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की ड्राफ्ट (प्रारूप) मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित की जाएगी। सभी संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ड्राफ्ट मतदाता सूची की हार्ड कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय रहते सूची का परीक्षण कर सकें और आवश्यक आपत्तियाँ या दावे दर्ज कर सकें। ड्राफ्ट मतदाता सूची आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा, जिससे आम नागरिक भी आसानी से अपनी प्रविष्टियों की जांच कर सकें।



केंद्रीय निर्वाचन आयोग कार्यालय

आयोग ने निर्देश दिया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं की अलग-अलग सूचियाँ भी संबंधित वेबसाइटों पर सार्वजनिक की जाएँ। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अपील की गई है कि वे ड्राफ्ट सूची का अवलोकन करें और जरूरत हो तो निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक सुधार हेतु आवेदन करें।

देश के इतिहास में पहली बार

## केरल के जिला अस्पताल में होगा हार्ट ट्रांसप्लांट

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में पहली बार जिला-स्तरीय अस्पताल में हार्ट ट्रांसप्लांट होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक 46 साल के व्यक्ति का रोड एक्सीडेंट हुआ था। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। अब उसका दिल किसी जरूरतमंद को लगाया जाएगा और ये प्रक्रिया पहल बार किसी जिला स्तरीय अस्पताल में होने जा रही है। वीना जॉर्ज ने बताया कि एक्सीडेंट के कारण ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिवार ने डोनेशन प्रक्रिया के जरिए अंग दान करने पर सहमति जताई है। तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## मुंबई में डेढ़ घंटे का सफर होगा 10 मिनट में


2395 करोड़ से होगा तैयार समुद्री पुल

**मुंबई।** मुंबई शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए 2395 करोड़ की लागत से अब मढ़-वर्सोवा ब्रिज पर समुद्री पुल बनाया जाएगा। मुंबई महानगरपालिका ने इसका ऐलान किया है। यह पुल मढ़ जेट्टी रोड से शुरू होकर वर्सोवा खाड़ी को पार करेगा और वर्सोवा स्थित फिशरीज यूनिवर्सिटी रोड के पास जाकर जुड़ेगा। इससे दोनों इलाकों के बीच की दूरी 20 किमी से से घटकर सिर्फ 2.6 किमी। इस पुल के बनने के बाद 90 मिनट का सफर महज 10 मिनट में पूरा हो सकेगा। यह पुल 2029 तक पूरा होगा। इस पर करीब 2395 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सर्वे और मिट्टी परीक्षण का काम शुरू हो गया है।

नेशनल हेराल्ड मामलाः ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती

## दिल्ली हाई कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई, सोनिया और राहुल को नोटिस जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य बताया।



दिल्ली उच्च न्यायालय

### अगली सुनवाई 12 मार्च को

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी।

**रजिस्ट्री तत्काल मामलों की जांच करेगी**

सीजेआई सूर्यकांत ने वकीलों से मामलों की तत्काल सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री से संपर्क करने को कहा, जो कारणों की जांच करेगी और तदनुसार मामले को सूचीबद्ध करेगी। सीजेआई ने कहा कि रजिस्ट्री कारणों की पड़ताल करेगी और 26 या 29 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

केंद्र सरकार पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साधा निशाना

# मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर चलाया बुलडोजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' में आरोप लगाया कि सरकार ने बिना जनसंवाद, बिना संसद में चर्चा और बिना राज्यों की सहमति के मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं दोनों पर बुलडोजर चला दिया है। उन्होंने इसे विकास नहीं, बल्कि विनाश करार देते हुए कहा कि इसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीयों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला दिया।

### न जनसंवाद, न चर्चा, न ही ली कोई सहमति

एक्स पर सोनिया गांधी के लेख का किया जिक्र



Editorial

The bulldozed demolition of MGNREGA

सांसद राहुल गांधी, सांसद सोनिया गांधी का प्रकाशित एक लेख

**'जी राम जी' बिल गांव विरोधी**

इससे पहले राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया। उन्होंने मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे बोलीं

### कांग्रेस को 'राम' से ही परेशानी

राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस के विरोध पर



कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल को 'राम' से ही परेशानी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुधार कर योजना का नाम 'जी राम जी' कर दिया गया है। सच तो यह है कि कांग्रेस को 'राम' से परेशानी है। हमारे लिए 'राम' ही जिंदगानी है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सीएम भैरों सिंह शेखावत ने अंत्योदय को आगे बढ़ाया। उसके बाद मैंने उनकी इस सोच को गति दी।

## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में बस पलटी 16 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक बस दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गई। वहीं दावा किया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। 34 लोगों को ले जा रही बस टोल रोड पर बेकाबू हो गई और एक कंक्रीट बैरियर से टकराकर पलट गई। यह इंटर-प्रोविंस बस राजधानी जकार्ता से देश के प्राचीन शाही शहर योग्याकार्ता जा रही थी, तभी यह पलट गई। दरअसल, सोमवार तड़के इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई।



### पीएम अल्बनीज ने यहूदी समुदाय से माफी मांगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदियों के खिलाफ हुए आतंकवादी हमले को लेकर पीमए एंथनी अल्बनीज ने माफी मांगी। बोंडी बीच पर यहूदियों के त्योहार पर आयोजित हनुक्का इवेंट में आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। पुलिस ने जीवित बचे आरोपी को जेल भेज दिया। अल्बनीज ने कहा कि वह इस हमले के लिए अपनी गहरी जिम्मेदारी महसूस करते हैं। पीएम के तौर पर, मैं उस जुल्म के लिए जिम्मेदारी महसूस करता हूं जो मेरे पीएम रहते हुए हुआ।



### मॉस्कोः कार बम धमाके में रूसी जनरल की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक कार बम धमाका हुआ, जिसमें रूसी सेना के एक जनरल की मौत हो गई। रूसी जांचकर्ताओं ने कहा है कि वे पड़ताल कर रहे हैं कि क्या ब्लास्ट का संबंध यूक्रेनी स्पेशल फोर्सेज से है। मारे गए सैन्य अधिकारी का नाम लेफ्टिनेंट जनरल फेनील सारवारोव बताया गया है। वह रशियन जनरल स्टाफ के ट्रेनिंग विभाग के प्रमुख थे। सोमवार, 22 दिसंबर की सुबह हुए धमाके से कुछ ही घंटे पहले मियामी में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधियों के बीच युद्ध खत्म करने पर वार्ता हुई थी। सारवारोव 'किआ एसयूवी' चला रहे थे।



## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक और नया कीर्तिमान रचेगा

# इसरो कल बाहुबली रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) क्रिसमस से ठीक एक दिन पहले 24 दिसंबर को एक और नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसरो अपने सबसे शक्तिशाली बाहुबली रॉकेट एलवीएम-3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा।

इस मिशन का नाम 'एलवीएम-3 एम6 मिशन' रखा गया है, जो कि न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के मोबाइल कनेक्टिविटी सिस्टम के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

*यह मिशन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करेगा*

*इसरो के 'ब्लूबर्ड' पर दुनियाभर की टिकी निगाहें*



रॉकेट एलवीएम-3

### क्या है ब्लूबर्ड सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड सैटेलाइट अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी द्वारा बनाया गया, जो काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है। यह सीधे अंतरिक्ष से ही ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर फोन में नेटवर्क प्रदान करेगा। यानी भविष्य में इस सैटेलाइन की मदद से बिना मोबाइल टावर या किसी अतिरिक्त उपकरण के, सीधे फोन पर इंटरनेट, कॉल और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### बाहुबली रॉकेट 'एलवीएम3' से किया जाएगा लॉन्च

इसरो के इस मिशन में इस्तेमाल किया जाने वाला एलवीएम3 रॉकेट इसरो का सबसे भारी और ताकतवर लॉन्च व्हीकल है। यही रॉकेट चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे अहम मिशनों में भी इस्तेमाल किया जा चुका है। ब्लूबर्ड जैसे भारी और उन्नत सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमता एलवीएम3 को खास बनाती है।

### डायरेक्ट टू सेल फोन कनेक्टिविटी देगा सैटेलाइट

इसरो व अमेरिकी कंपनी द्वारा वाणिज्यिक समझौते के तहत लॉच किए जा रहे ब्लूबर्ड सैटेलाइट डायरेक्ट टू सेल फोन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसकी मदद से दूरदराज पहाड़ी इलाकों और जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होती है। वहां पर यह सैटेलाइट काफी कारगर साबित होगा। इस सैटेलाइट को 4-जी और 5जी जैसी आधुनिक सर्विस को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्लूबर्ड को दुनिया के सबसे बड़े कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स में से एक माना जा रहा है। इसमें विशाल फेज्ड-एरे एंटीना लगा है, जो एक साथ बड़ी संख्या में मोबाइल डिवाइस से संपर्क कर सकता है। इसकी डेटा क्षमता पुराने सैटेलाइट्स की तुलना में कई गुना अधिक बताई जा रही है।

### कमर्शियल लॉन्च सेवाओं को होगा लाभ

ब्लूबर्ड मिशन से भारत की कमर्शियल लॉन्च सेवाओं को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह मिशन भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को भी मजबूत करेगा। बता दे कि इसरो एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है।

## दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने फोन पर बातचीत के बाद संयुक्त रूप से की समझौते की घोषणा

# दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने फोन पर बातचीत के बाद संयुक्त रूप से की समझौते की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एफटीए ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी और साझा रूप से लाभप्रद होगा | एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी, निवेश को बढ़ावा मिलेगा

अमेरिकी टैरिफ को लेकर विश्व स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोमवार का दिन भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पीएम नरेंद्र मोदी और उनके न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों शीर्ष नेताओं ने संयुक्त रूप से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने की घोषणा की है।

■ दोनों पक्षों के लिए निवेश लाभप्रद साबित होगा

समझौते से भारत-न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को सराहनीय रूप से और अधिक गहराई प्रदान की जा सकेगी। साथ ही एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी, निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रणनीतिक सहयोग को भी पहले के मुकाबले काफी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने 22 दिसंबर को एक बयान के जरिए बताया कि ये एफटीए ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ दोनों पक्षों के लिए साझा रूप से लाभप्रद साबित होगा।

### फायदे में रहेंगे न्यूजीलैंड के उत्पादकः पीएम लक्सन



पीएम मोदी एवं न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने एक्स पर अपनी एक ऑडियो-वीडियो पोस्ट में बताया, हमने भारत के साथ एक एफटीए संपन्न कर लिया है। जिससे न्यूजीलैंड के किसानों, उत्पादकों और व्यवसायों के लिए नए अवसर खुलेंगे, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, नए रोजगारों का सृजन होगा और आय में बढ़ोतरी होगी। जिससे हर न्यूजीलैंडवासी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने पीएम मोदी के साथ फोन पर बातचीत होने का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि ये समझौता न्यूजीलैंड के भारत को किए जाने वाले 95 फीसदी निर्यात पर शुल्क कम करता है या हटा देता है। आने वाले 20 वर्षों में न्यूजीलैंड से भारत को होने वाला निर्यात सालाना 1.1 अरब डॉलर से 1.3 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्व मंच पर सक्रियता दिखाना, नए व्यापार समझौता करना, रोजगार और उच्च वेतन प्रदान करने की नेशनल पार्टी की योजना का एक प्रमुख हिस्सा है।

### रिकॉर्ड 9 महीने में पूरी हुई बातचीत

मंत्रालय ने बताया कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच समझौते पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा इस साल मार्च महीने में की गई भारत यात्रा के दौरान हुई थी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपनी वार्ता में यह सहमति जताई कि रिकॉर्ड 9 महीने के अंदर संवाद की समूची प्रक्रिया को पूरा कर ये समझौता सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।

### न्यूजीलैंड में ज्यादा नौकरियां, ज्यादा वेतन

पीएम लक्सन के मुताबिक, भारत के साथ एफटीए से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। जिससे न्यूजीलैंड में अधिक नौकरियां, उच्च वेतन और मेहनती न्यूजीलैंडवासियों के लिए अधिक अवसरों का निर्माण होगा। ये समझौता दोनों देशों के बीच मित्रता को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में एक है, जिससे न्यूजीलैंड के व्यवसायों को 1.4 अरब भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ेगी। न्यूजीलैंड की सरकार बुनियादी चीजों को ठीक करने और भविष्य का निर्माण करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नए व्यापार समझौते हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित करने में मदद कर रहे हैं, जिससे सभी कीवी आगे बढ़ सकें।

### अगले 5 साल में दोगुना होगा व्यापार

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने एफटीए की मदद से रखी गई मजबूत और भरोसेमंद नींव के मद्देनजर आगामी पांच वर्षों यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के दोगुना होने को लेकर भरोसा जताया है। इसके अलावा भारत में अगले डेढ़ दशक (15 वर्ष) में न्यूजीलैंड का निवेश बढ़कर 20 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

### एफटीए मील का पत्थर
### दीर्घकालिक साझेदारी मजबूत आधारः पीएम

पीएम मोदी ने एफटीए को लेकर एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ देर पहले भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौते के संपन्न होने के बाद मेरे मित्र और पीएम लक्सन के मध्य बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमारे संबंधों के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश को मजबूती के साथ बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सिर्फ 9 महीनों में संपन्न हुआ ये एफटीए हमारे बीच न केवल मील का पत्थर साबित होगा। बल्कि यह हमारे आर्थिक संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यह समझौता बेहतर बाजार पहुंच, निवेश प्रवाह बढ़ाने और नर्वप्रवर्तकों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमई के साथ ही छात्रों-युवाओं के लिए अनेक नए अवसरों की उपलब्धता का भावी प्रमाण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि एफटीए से दोनों देशों की साझेदारी नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। जिससे भारत, न्यूजीलैंड के बीच अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा। भारत विभिन्न क्षेत्रों में न्यूजीलैंड से 20 बिलियन डॉलर के निवेश का स्वागत करता है। दोनों देशों के प्रतिभाशाली युवा, जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और सुधार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नवाचार, विकास-दीर्घकालिक साझेदारी के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। हम शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक संबंधों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग को और अधिक मजबूत करना जारी रखते हैं।

## भारतीय राजदूत ने नहीं की धमकियों की परवाह

# वीजा सेंटर पहुंचे प्रणय वर्मा, बांग्लादेश में आम नागरिकों से किया सीधा संवाद



उच्चायुक्त बांग्लादेश के लोगों से मुलाकात करते हुए

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में तनाव के बीच भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा सोमवार को पूरी तरह 'एक्शन मोड' में नजर आए। भारतीय मिशनों पर मिल रही धमकियों की परवाह न करते हुए, वर्मा सीधे ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र पहुंचे और वहां मौजूद आम बांग्लादेशी नागरिकों से मुलाकात की। यह दौरा यह संदेश देने के लिए अहम माना जा रहा है कि तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत मानवीय आधार पर वीजा सेवाएं जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बांग्लादेश को छोड़कर वहां के लोगों से सीधे पर्सनल कनेक्ट बनाने की कोशिश है।

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक वीजा सेंटर पर पहुंचकर प्रणय वर्मा ने लाइन में लगे आवेदकों से सीधा संवाद किया। इनमें से बड़ी संख्या में वे लोग थे जो गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भारत जाना चाहते हैं और मेडिकल वीजा का इंतजार कर रहे हैं। उच्चायुक्त ने उनकी समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि मेडिकल इमरजेंसी वाले मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले सप्ताह भारतीय उच्चायोग और उसके प्रतिष्ठानों को गंभीर धमकियां मिली थीं, जिसके चलते एहतियातन एक दिन के लिए वीजा सेवाएं रोकनी पड़ी थीं।

हालांकि, उच्चायोग ने अब साफ कर दिया है कि बदलती सुरक्षा स्थिति के बावजूद मानवीय जरूरतों को अनदेखा नहीं किया जाएगा। उच्चायोग ने एक बयान में पुष्टि की है कि ढाका, खुलना, सिलहट और राजशाही में वीजा केंद्र अपना कामकाज जारी रखेंगे। जिन आवेदकों के अपॉइंटमेंट सेंटर बंद होने के कारण रद्द हुए थे।

### बांग्लादेश में फिर बवाल हसीना विरोधी एक और छात्र नेता को मारी गई गोली

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश इस समय हिंसा की आग में झुलस रहा है। हाल में इंकलाब मंच के प्रवक्ता और कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद ढाका में हिंसा देखने को मिली। इस बीच बांग्लादेश में एक और हाई प्रोफाइल गोलीबारी की खबर सामने आई है। दरअसल, कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी एनसीपी के नेता पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि बीएनपी के खुलना डिविजनल हेड मोतालेब सिकदर को सोमवार को सिर में गोली लगी। बताया जा रहा है कि सिकदर के सिर के बाईं ओर गोली लगी है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को होगी डीएसी की बैठक!

# तीनों सशस्त्र सेनाओं से जुड़े हुए महत्वपूर्ण रक्षा सौदों को हरीझंडी मिलने की पूरी संभावना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी-सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच इस सप्ताह शुक्रवार (26 दिसंबर) को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हो सकती है। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना की सैन्य और युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान के लिए कुल करीब 70 से 80 हजार करोड़ रुपए तक के रक्षा खरीद समझौतों को स्वीकृति मिलने की संभावना है।

■ सशस्त्र सेनाओं की क्षमताओं में इजाफा होगा



रक्षा सूत्रों ने बताया कि डीएसी की यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के दफ्तर में होगी। जिसमें रक्षा मंत्री के अलावा रक्षा सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। ये बैठक मौजूदा साल की डीएसी की अंतिम बैठक भी होगी। जिसमें मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी रक्षा मंत्री के नेतृत्व में जरूरी चर्चाएं करेंगे। सूत्रों ने कहा कि डीएसी की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हवाई रक्षा, आईएसआर क्षमताओं और सशस्त्र सेनाओं की क्षमताओं में कई गुना इजाफा करने का होगा।

## इंग्लैंड में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हिंसा

# भारतीय मूल के तीन लोगों को कोर्ट ने सुनाई जेल की सजा

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के डर्बी शहर में 2023 की गर्मियों के दौरान एक कबड्डी प्रतियोगिता में भड़की हिंसा ने पूरे समुदाय को झकझोर कर रख दिया था। अल्वास्टन इलाके में आयोजित इस खेल उत्सव में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हुआ, जिससे वहां भगदड़ मच गई। अब इस मामले में डर्बी क्राउन कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों को जेल की सजा सुनाई है। पुलिस जांच और वीडियो फुटेज ने दोषियों की संलिप्तता को स्पष्ट कर दिया, जिसके बाद कानून ने सार्वजनिक सुरक्षा और शांति भंग करने के आरोप में यह बड़ा फैसला सुनाया।



नवंबर में हुई सुनवाई के दौरान जूरी ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने माना कि खेल आयोजन के दौरान इस तरह की हिंसा न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है।

## बेड़े में शामिल हुआ दुश्मन का काल 'अंजदीप'



**चेन्नई।** चेन्नई में नौसेना के जवान और अन्य अधिकारी आठ पनडुब्बी रोधी उथले जल नौकाओं (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) में से तीसरी, अंजदीप की डिलीवरी प्राप्त करते हुए। लगभग 77 मीटर लंबाई वाले ये जहाज, वॉटरजेट के तहत संचालित सबसे बड़े भारतीय नौसेना युद्धपोत हैं और अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस हैं, जो पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और खतरों को निपटारा करने में सक्षम हैं।

## भारत के मुरीद हुए अफगान स्वास्थ्य मंत्री जलाली

# भारत ने पाकिस्तान से तनाव के वक्त हेल्थ केयर के लिए की मदद

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा में वह भारत से अफगानिस्तान के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा मदद तलाश रहे हैं। जलाली ने यह माना है कि भारत ने अफगान हेल्थकेयर के लिए लगातार मदद की है, जिसके लिए काबुल शुक्रगुजार है।

जलाली ने अफगानिस्तान को स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में मदद के लिए भारत की तारीफ करते हुए आभार जताया है। खासतौर से पाकिस्तान से तनाव के वक्त भारत से मिली मदद की उन्होंने सराहना की है। जलाली ने भारत के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते और पाकिस्तान के साथ संबंधों में आए तनाव पर प्रतिक्रिया दी है।



जलाली ने काबुल में भारत के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ को अफगानिस्तान के प्रमुख बाल चिकित्सा अस्पतालों में से एक बताया है।

## श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ होगी बातचीत, ऑपरेशन सागर बंधु का भी लेंगे जायजा

# पीएम मोदी के विशेष दूत के रूप में श्रीलंका दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दितवाह चक्रवात से बुरी तरह से जूझ रहे श्रीलंका को जहां भारत ने सबसे पहले पहुंचकर बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाई है। वह देश की पड़ोस सबसे पहले नीति से जुड़ी हुई भावना को स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करती है। इसी क्रम में सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर श्रीलंका के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर पहुंचे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि डॉ. जयशंकर की निकट पड़ोसी देश की यह यात्रा पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा नियुक्त किए गए विशेष दूत के तौर पर की जाएगी। जिसमें वह श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी मुलाकात करेंगे।

इसके अलावा उनका ये दौरा मुख्य रूप से भारत की पड़ोस सबसे पहले की नीति और दितवाह चक्रवात से गंभीर रूप से हुए नुकसान के दौरान चलाए गए राहत एवं बचाव अभियान (एचएडीआर) के संदर्भ से भी जुड़ी हुई है। जिसे लेकर वर्तमान में भी भारत द्वारा श्रीलंका को मानवीय सहायता, राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

भारत द्वारा श्रीलंका को सहायता, राहत सामग्री उपलब्ध कराई | अब तक कुल करीब 1 हजार 134 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी

### श्रीलंका को दी 1,134 टन राहत सामग्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर का श्रीलंका के पर्यटन उप मंत्री रुवान रणसिंघे ने उनका स्वागत किया।

बता दें, भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका की मदद करने के लिए 28 नवंबर को ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत की थी। जिसके तहत अब तक कुल करीब 1 हजार 134 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी है। सूखा राशन, टेंट, तारपोलिन, स्वच्छता किट, कपड़े, पानी साफ करने का सिस्टम और 14.5 टन दवाएं और सर्जिकल उपकरण इसमें शामिल हैं। भारतीय नौसेना के स्वदेश में निर्मित विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत, जंगी युद्धपोत उदयगिरि, सुकन्या, एलसीयू-54, एलसीयू-57, एलसीयू-51, आईएनएस घड़ियाल और तटरक्षकबल के शौर्य युद्धपोत से बड़ी मात्रा में राहत सामग्री कोलंबो और त्रिंकोमाली पहुंचाई गई है।

### सैन्य अस्पताल में हुआ 7 हजार मरीजों का इलाज

एनडीआरएफ की दो टीमों ने आपात खोज एवं बचाव अभियान चलाए हैं। जबकि भारतीय सेना ने महियांगनया में 85 सदस्यीय फील्ड अस्पताल स्थापित किया है। जिसने अभी तक 7 हजार मरीजों का उपचार किया है। चक्रवात से गंभीर रूप से प्रभावित कुछ इलाकों में मेडिकल केंद्रों द्वारा भीष्म आरोग्य मैत्री क्यूब्स स्थापित की गई हैं। कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए 48 इंजीनियरों के साथ ही 248 टन बेली ब्रिज एयरलिफ्ट किया गया है। वायुसेना, नौसेना के हेलिकॉप्टरों ने लोगों को बचाने के लिए सैन्य टुकड़ियों, राहत सामग्री की डिलीवरी की है। जो मुश्किल वक्त में श्रीलंका को तेजी से मदद पहुंचाने की भारत की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।

# स्कूली विद्यार्थी पढ़ेंगे अब संस्कृत, वेद, उपनिषद, योग, गाय पर कर सकेंगे शोध

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

प्रदेश के राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले में बनने वाले आदि शंकराचार्य गुरुकुलम में छात्र संस्कृत, वेद, उपनिषद, योग और भारतीय दर्शन की पढ़ाई करेंगे। छात्रों को गुरुकुल परंपरा के अनुसार कैंपस में रहकर अध्ययन करना होगा। इसके साथ ही गाय पर आधारित अध्ययन और शोध भी विद्यार्थियों को कराया जाएगा। इसमें गायों की नस्ल, दूध की गुणवत्ता और औषधीय गुणों पर अध्ययन होगा। शिक्षा के साथ अनुशासन और जीवन मूल्यों पर भी जोर रहेगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को राजधानी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में विकास और सेवा के 2 वर्ष पर केन्द्रित प्रेसवार्ता में यह जानकारी साझा की। मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों को जन्म से लेकर 12वीं तक सिर्फ पढ़ाने का नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का काम कर रही है। मंत्री के मुताबिक, अगर ये प्रयोग सफल हुए तो मध्यप्रदेश देश के लिए मॉडल बन सकता है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक राजधानी भोपाल में प्रदेश की सबसे ऊंची 22 मंजिला सरकारी इमारत का निर्माण है। यह भवन न केवल स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाएगा, बल्कि इसका व्यावसायिक उपयोग कर राजस्व भी अर्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसे एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में लक्ष्य दिया है।

**खास बातें**

- विभाग की होगी 22 मंजिला सरकारी इमारत, सभी कार्यालयों होंगे एक छत के नीचे
- राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले में तैयार किए जा रहे हैं आदि शंकराचार्य गुरुकुलम
- विकास और सेवा के 2 वर्ष पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

## विकासखंड स्तर पर बुक फेयर आयोजित होंगे



मंत्री ने घोषणा की कि विकासखंड स्तर पर बुक फेयर आयोजित किए जाएंगे। इससे सरकारी ही नहीं, निजी स्कूलों के छात्र भी सरकार द्वारा तय न्यूनतम दरों पर महंगी किताबें खरीद सकेंगे। 275 सांदीपनि एवं 799 पीएमश्री विद्यालयों को मॉडल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी उदाहरणीय स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है। प्रदेश के 275 सांदीपनि विद्यालयों में से 79 भवन पूर्ण और 126 सांदीपनि भवनों का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। वर्तमान में 3367 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा और पिछले वर्षों में 690 विद्यालयों में कृषि संकाय प्रारंभ हुए हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 6 लाख हुई। 67 हजार से अधिक बालक-बालिकाओं को प्रारंभिक स्तर तक की पढ़ाई के साथ ही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। 32 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। 76 हजार अतिथि शिक्षकों को 1 जुलाई को विद्यालयों में जॉइन कराया है।

## 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया का सरलीकरण

मंत्री सिंह ने कहा कि स्कूलों में कक्षा एक, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। कक्षा 6 में प्रवेश के लिये प्रधानाध्यापक और माध्यमिक शाला में कक्षा 9 में प्रवेश के लिये प्राचार्य को जिम्मेदारी दी गई। कक्षा एक में कुल नामांकन वर्ष 2025-26 में पिछले वर्ष की तुलना में 19.6 प्रतिशत एवं शासकीय विद्यालयों में 32.4 प्रतिशत अधिक रहा है। पिछले 3 वर्षों में सभी कक्षाओं में ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। वर्ष 2024-25 में प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 6.8 प्रतिशत से घटकर शून्य हो गई है। समग्र आईडी के माध्यम से 90 प्रतिशत बच्चों की ट्रेकिंग पूर्ण की गई है।

### मान्यता के लिए अब एण्ड टू एण्ड पोर्टल

मंत्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 80 प्रतिशत नियमित शिक्षकों की एवं 96 प्रतिशत अतिथि शिक्षकों की हमारे शिक्षक जियो टेग आधारित ऐप में दर्ज की जा रही है। इस ऐप में अवकाश प्रबंधन और शिकायत निवारण सुविधा भी 1 जनवरी 2026 से लागू कर दी जायेगी। निजी विद्यालयों की मान्यता निरीक्षण एवं अपील प्रक्रिया के लिए एण्ड टू एण्ड ऑनलाइन पोर्टल को इस वर्ष शुरू किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारों में मत्था टेकें भाजपा प्रतिनिधि

**भोपाल।** 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साहिबजादों के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री, सांसद और विधायक से लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश के हर जिले में गुरुद्वारों में मत्था टेकेंगे और साहिबजादों के अदम्य साहस व बलिदान को नमन करेंगे।
भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 26 दिसंबर को सभी जिलों साहिबजादों का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। जिला और मंडल स्तर पर ए साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि यह संदेश जन-जन तक पहुंचे कि धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए कम उम्र में दिया गया बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य विरासत है। मुख्य आयोजन के तहत गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम रखे जाएंगे। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। गुरुबाणी पाठ, अरदास और विचार गोष्ठियों के माध्यम से साहिबजादों के शौर्य, त्याग और धर्मनिष्ठा पर प्रकाश डाला जाएगा। वीर बाल दिवस के अवसर पर शिक्षण संस्थानों में भी विशेष गतिविधियां होंगी। स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान साहिबजादों के बलिदान की जानकारी दी जाएगी, जबकि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में गोष्ठियों का आयोजन कर युवाओं को सिख इतिहास और मूल्यों से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को साहस, सत्य और राष्ट्रधर्म की भावना से प्रेरित करना है। सोशल मीडिया पर भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### खेल महोत्सव के समापन पर अपने क्षेत्रों में रहें सांसद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के प्रतिभागियों और जनप्रतिनिधियों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। समापन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी सांसद अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में उपस्थित रहेंगे और स्थानीय स्तर पर आयोजनों में भाग लेंगे। मध्यप्रदेश में यह खेल महोत्सव व्यापक स्तर पर आयोजित किया गया। प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें ग्रामीण, शहरी, युवा, महिला और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल सहित कई पारंपरिक और आधुनिक खेलों के आयोजन किए गए। राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को नशे से दूर रखकर सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना और छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच देना रहा। सांसदों की सक्रिय भागीदारी से लोकसभा स्तर पर खेल आयोजनों को नया स्वरूप मिला। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सभी लोकसभा क्षेत्रों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुना जाएगा।

राजधानी को मेट्रो की सौगात, मध्यप्रदेश के दो बड़े शहरों में चल रही है मेट्रो ट्रेन

# मप्र के पहले भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया का नक्शा हुआ लॉन्च, पड़ोसी पांच जिलों का क्षेत्र होगा शामिल

» मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले सभी मंत्रियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र के पहले भोपाल महानगरीय क्षेत्र (मेट्रोपोलिटन एरिया) का मैप (मानचित्र) भी लांच कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया में भोपाल जिले सहित सीमावर्ती 5 जिलों रायसेन, विदिशा, राजगढ़, सीहोर नर्मदापुरम का क्षेत्र शामिल किया गया है। इस एरिया में कुल 12 नगरीय क्षेत्र और 30 तहसीलें शामिल की गई हैं। इसके साथ ही मेट्रोपोलिटन एरिया में लगभग 2524 गांव शामिल होंगे। इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 12,099 वर्ग किलोमीटर रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मप्र को दिन-ब-दिन मिल रही नई-नई सौगातों के लिए सभी मंत्रियों ने मेंजें थप-थपाकर मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने इन्दौर में 3.3 किमी के अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रेन ट्रेक के निर्माण के लिए भी स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने इन सभी सौगातों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री खट्टर का आभार व्यक्त किया।

## 23 दिसंबर को करेंगे धार एवं बैतूल में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को बताया कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर चार मेडिकल कॉलेज तैयार किए जाएंगे। इनमें से धार एवं बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का भूमिपूजन 23 दिसम्बर को धार एवं बैतूल में सम्पन्न होगा। मंगलवार (23 दिसम्बर) को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा पीपीपी मॉडल पर बनने वाले दो मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नड्डा पूर्वान्ह में धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण करने के बाद वहीं से बैतूल रवाना होंगे। नड्डा अपरान्ह में बैतूल में मेडिकल कॉलेज एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन सौगातों के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री नड्डा का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेश के सभी मंत्री दो साल की उपलब्धियों की विभागीय जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जनता तक पहुंचा रहे हैं।




## 230 विस क्षेत्रों में से 193 विस क्षेत्रों में वृन्दावन ग्राम चयनित

मुख्यमंत्री ने वृन्दावन ग्राम के संबंध में मंत्रियों को बताया कि सरकार ने प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक वृन्दावन ग्राम बनाने कीयोजना शुरू की है। इसमें ऐसे गांव का चयन करना है, जिसकी वर्तमान जनसंख्या कम से कम 2000 हो और गौवंश की न्यूनतम संख्या 500 तक हो। इन गांवों का चयन हर विधानसभा क्षेत्र में जिला कलेक्टर की ओर से प्रभारी मंत्री एवं विधायक से परामर्श लेकर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों में से अबतक 193 विधानसभा क्षेत्रों में का वृन्दावन ग्राम चयनित कर लिए गए हैं। मात्र 37 विधानसभा क्षेत्रों में यह काम होना शेष है। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा कि वे अपने-अपने प्रभार के जिलों में शेष विस क्षेत्रों में वृन्दावन ग्राम का चयन शीघ्रातिशीघ्र कर लें। उन्होंने बताया कि इस योजना में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक अनुश्रवण समिति भी है, जिसकी हर तीन माह में एक बैठक करना अनिवार्य है।

### आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन

सीएम ने मंत्रियों को बताया कि 18 दिसम्बर को आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सभी चिकित्सा पद्धतियों के डॉक्टर्स शामिल हुए। इनमें बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जनजातीय पेसा क्षेत्र में आरोग्य रक्षक वॉलंटियर्स को प्राथमिक उपचार किट वितरण सहित आयुष्मान योजना के तहत चयनित जनजातीय लाभार्थियों से संवाद भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण माना जाएगा।

### जिला विकास सलाहकार समिति सहित अन्य समितियों की बैठकें जनवरी माह में कर लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने अपने प्रभार के जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण समितियां (जिनमें जिले के विकास संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाते हैं) की बैठकें आगामी 1 से 24 जनवरी 2026 के दौरान अनिवार्य रूप से कर लें। उन्होंने कहा कि जिलों में विभिन्न महत्वपूर्ण समितियां होती हैं जिनकी अध्यक्षता प्रभारी मंत्री ही करते है। जिला विकास सलाहकार समिति (उपाध्यक्ष के रूप में), रोगी कल्याण समिति (साधारण सभा), जिला शहरी विकास अभिकरण की जिला प्रबंधकारिणी समिति, वृंदावन गांव अनुश्रवण समिति आदि की बैठकें अनिवार्यतः रूप से कर लें। इसके अलावा जिलों में ऐसी कई अन्य समितियां भी होती हैं, जिनमें प्रभारी मंत्री द्वारा सदस्यों का मनोनयन किया जाता है।

# प्रदेशभर के आईटीआई में अब खाली पदों पर जल्द होगी भर्ती, 51 नए आईटीआई भी शुरू होंगे

- कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सरकार के दो साल पूरे होने पर गिनाईं उपलिब्धियां, रोजगार के सवालों पर घिरे

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल।



सोमवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने सरकार के दो साल पूरे होने पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर में विभागीय उपलब्धियों और अगले तीन वर्ष के विजन पर चर्चा की। इस बीच कुछ सवाल ऐसे रहे, जिनके जवाब देने के लिए समय लिया गया। मंत्री टेटवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की अगले तीन वर्षों की एक समग्र रूपरेखा है। इसके तहत प्रदेश के आईटीआई में खाली पदों की पूर्ति करने के साथ ही प्रदेश के 51 शासकीय आईटीआई विहीन विकासखंडों में नए शासकीय आईटीआई शुरू किए जाएंगे। पीएम सेतु योजना के तहत अधिक से अधिक क्लस्टरों का विकास तथा सीएसआर सहयोग से आधुनिक स्किल लैब की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा आईटीआई में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट को बढ़ावा देने पर जोर होगा। अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान दिलाना प्राथमिकता में रहेगा। विश्व कौशल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना तथा प्रशिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए प्रोत्साहित किया जाना इस रूपरेखा में शामिल है। इनमें प्रमुख रूप से मप्र शासन के रोजगार पोर्टल और सेडमेप से जुड़े सवाल रहे हैं।

### ग्रीन एनर्जी और ऑटोमोबाइल का समय

मंत्री टेटवाल ने कहा कि चूंकि आने वाला समय ग्रीन एनर्जी एवं ऑटोमोबाइल का है। इस लिए प्रदेश की आईटीआई में ग्रीन टेक्नॉलोजी से संबंधित नए कोर्सेस और ट्रेनिंग शुरू किए जा रहे है। इससे उभरते हुए ग्रीन जॉब मार्केट के लिए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा सके।

### » 1000 में से 600 को रोजगार

टेटवाल ने बताया कि राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में इस सत्र में करीब 1000 प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग दी गई है। इनमें से 600 को सीधे रोजगार मिला है, जबकि 29 प्रशिक्षार्थी को आबूधावी आदि विदेशों में बेहतर रोजगार मिला है। अगले तीन साल में यह संख्या एक हजार तक बढ़ाने, हब एवं स्पोक मॉडल को सुदृढ़ कर प्रति वर्ष एक हजार से अधिक प्रशिक्षण देने, उद्योगों के साथ एलाइनमेंट एवं इंडस्ट्रियल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के साथ ही ओबीसी विभाग के सहयोग से जापानी भाषा प्रशिक्षण प्रमुख हैं।

## इंदौर से रीवा की फ्लाइट शुरू



डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल और मंत्री विजयवर्गीय ने की यात्रा

# 15 घंटे का सफर अब पौने दो घंटे में होगा पूरा

शुरुआती किराया लगभग 4700 रुपए

मंत्री विजयवर्गीय 40 सदस्यीय दल के साथ रीवा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर

इंदौर से रीवा के बीच सोमवार से इंडिगो एयरलाइंस की सीधी उड़ान सेवा सफलतापूर्वक शुरू हो गई है। पहले दिन यह उड़ान अपने निर्धारित समय से 45 मिनट की देरी से इंदौर एयरपोर्ट से रवाना हुई।

पहली फ्लाइट में इंदौर से 50 से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इस सीधी सेवा के शुरू होने से अब इंदौर और रीवा के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। इंदौर से रीवा की यात्रा जो अब तक ट्रेन या बस के माध्यम से लगभग 15 घंटे में पूरी होती थी वह अब हवाई मार्ग से मात्र 1 घंटा 45 मिनट में तय की जा सकेगी। इस नई सेवा का सीधा लाभ विंध्य के 8 जिलों को मिलेगा। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से रीवा के लिए प्रतिदिन 70 सीटर विमान का संचालन किया जाएगा। इसका शुरुआती किराया लगभग 4700 रुपए रखा गया है।

### शुक्ल रीवा से इंदौर आए

इंडिगो एयरलाइंस की यह नियमित सेवा प्रतिदिन सुबह 11.30 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 1.15 बजे रीवा पहुंचेगी। वापसी में यह विमान दोपहर 1.35 बजे रीवा से इंदौर के लिए उड़ान भरेगा। उद्घाटन के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 सदस्यीय दल के साथ रीवा पहुंचे। वहीं वापसी की फ्लाइट में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 70 से अधिक यात्रियों के साथ रीवा से इंदौर पहुंचे।

# संवाद कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा कर रहे चर्चा बजट को लेकर एक्सपर्ट्स से सुझाव ले रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

डिप्टी सीएम और वित्त व वाणिज्यिक कर विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा प्रदेश के आगामी बजट को लेकर एक्सपर्ट्स के सुझाव ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बजट पर संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे नागरिकों से बजट पर सुझाव के लिए हो रहा है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट तैयारी के संबंध में बजट पर संवाद में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के



साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव ले रहे हैं। इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिये बजट पर संवाद किया जा रहा है।

### कई सेक्टर के एक्सपर्ट से मांगी जानकारी

राज्य सरकार द्वारा गरीब, किसान, युवा, नारी शक्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह लगातार पांचवां वर्ष है जब बजट पर संवाद आयोजित किया जा रहा है। बजट पर संवाद कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म, में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिये आमंत्रित किया गया है।

# विधानसभा में बजट सत्र से शुरू होगा ई विधान, विधायकों का प्रशिक्षण आज से आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र विस में अगले साल बजट सत्र 2026 से ई विधान सिस्टम लागू किया जा सकता है। इसके लिए मप्र के विधायकों को इसी महीने 23 दिसंबर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। विस के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के निर्देश पर आगामी बजट सत्र से नेशनल ई विधान परियोजना के क्रियान्वयन की संभावनाओं को ध्यान में रखकर 23 दिसंबर से विधायकों के लिए विधानसभा के मानसरोवर हाल में सुबह 11 से एक बजे के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने बताया कि सभी विधायकों को जानकारी भेजी गई है। सभी से इसमें शामिल होकर प्रशिक्षण लेने को कहा गया है। इस दौरान भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञ यहां विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। नेशनल ई विधान परियोजना भारत सरकार की एक ई गर्वनेंस पहल है। इसका लक्ष्य देशभर में सभी विधानसभाओं को पूरी तरह से पेपरलेस बनाने का है, ताकि प्रश्नकाल के लिए प्रश्नोत्तर पुस्तिका, विधेयक रिपोर्ट सभी एक साझा डिजिटल प्लेटफार्म पर विधायकों के लिए उपलब्ध हो।

## सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस के लिए एमपी ट्रांसको को मिला सम्मान

# मप्र को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड'

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र ने विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित मंच से एमपी ट्रांसको की ओर से कार्यपालन अभियंता लोकेश द्विवेदी ने यह सम्मान प्राप्त किया।

### मूल्यांकन का आधार यह रहेगा




पुरस्कार के लिए यूटिलिटीज़ का चयन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के डेटा तथा विभिन्न राज्य विद्युत कंपनियों की आधिकारिक रिपोर्टों के आधार पर किया गया। अवॉर्ड की श्रेणियों में सबसे अधिक लाइन लेंथ मे वृद्धि, ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी में वृद्धि, बेहतर वित्तीय प्रदर्शन और सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस जैसे महत्वपूर्ण मानक शामिल रहे।

### ट्रांसटेक इंडिया–2025 में हुआ सम्मान

यह सम्मान नई दिल्ली स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में आयोजित 'ट्रांसटेक इंडिया–2025' कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया। यह कॉन्फ्रेंस विद्युत मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है, जहां नीति निर्माता, रेगुलेटरी संस्थाएं, डेवलपर्स, मैन्युफैक्चरर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स आपसी समन्वय

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी



प्रद्युम्न सिंह

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश की मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसानों ने लगाया मंडी प्रबंधन पर आरोप हम्मालों की हड़ताल की नहीं दी गई सूचना

# औबेदुल्लागंज कृषि उपज मंडी में करीब 300 हम्मालों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल, बड़ी संख्या में आए किसान हुए परेशान

- ***बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने चक्का जाम कर विरोध जताया***
- ***कड़ाके की ठंड में पिछले 48 घंटों से किसान अपनी बारी का कर रहे थे इंतजार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कृषि उपज मंडी में सोमवार को करीब 300 हम्मालों ने मजदूरी 15 से बढ़ाकर 20 रुपए किए जाने की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही कृषि उपज मंडी कार्यालय के सामने हम्मालों ने घेराव कर प्रदर्शन किया। हम्मालों की अचानक हड़ताल को देखते हुए व्यापारी भी धान खरीदी की बोली लगाने नहीं पहुंचे। किसानों की 600 से लेकर 700 तक धान की ट्रॉलियां मंडी में आई हैं। हम्मालों की हड़ताल को देखते हुए व्यापारियों के धान की नीलामी में नहीं पहुंचने के कारण किसानों में भी रोष देखा गया। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने चक्का जाम कर विरोध जताया।

### सुरक्षा की नहीं है व्यवस्था

किसानों का कहना है कि जब हम्मालों ने हड़ताल की नोटिस दी थी तो मंडी प्रशासन को सभी किसानों को सूचना देना देनी चाहिए थी, मगर किसानों को सूचना नहीं दी गई। किसानों को 48 घंटे से ज्यादा समय हो गया वे धान की ट्रॉली लेकर औबेदुल्लागंज मंडी में आए हुए हैं। किसानों ने बताया कि हमारी ट्रॉली जहां खड़ी है वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, न ही उन्हें पीने का पानी मिल रहा है न ही कड़ाके की ठंड से बचने की व्यवस्था है।


कृषि उपज मंडी कार्यालय का घेराव करते हुए हम्माल।

### नहीं मिलता पूरा पेमेंट

किसान डॉ. नंदू नागर, उमेश नागर, रवि कुमार वर्मा, सचिन यादव, बने सिंह परमार, मोतीलाल राजपूत, लालाराम चौकसे, मानसिंह लोधी, सुरेश नंदवंशी आदि के नेतृत्व में एवं कांग्रेस नेता परेश नागर, हरजीत सिंह मंगू ने बताया कि नीलामी के बाद पेमेंट भी हर ट्रॉली पर मात्र 10,000 रुपए ही दिया जाता है, बाकी पूरा पेमेंट 15 से 20 दिन बाद दिया जाता है, जबकि मंडी का प्रावधान है कि फसल तुलाई के बाद किसानों को पूरा पेमेंट नगद दिया जाए। किसान को मोबाइल पर मैसेज तो तुरंत नगद भुगतान का आ जाता है, मगर पेमेंट बैंक में व्यापारी 20 दिन बाद डालते हैं। इन समस्याओं को लेकर किसानों में बहुत रोष है।


बड़ी संख्या मंडी पहुंचे किसानों ने सड़क पर किया प्रदर्शन।

## परेशान किसानों ने भी मंडी समिति के सामने रखी अपनी मांग

कृषि उपज मंडी औबेदुल्लागंज में सभी किसानों ने मिलकर यह निर्णय लिया है कि सोमवार से आगामी एक हफ्ते तक मंडी में नीलामी बंद रहेगी, क्योंकि हम्मालों ने पूर्व कोई सूचना दिए बिना हड़ताल कर दी हैं, जिससे दूर-दूर से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसान दिन भर परेशान होते रहे। इसलिए सभी किसानों ने भी अपनी कुछ मांगे कृषि उपज मंडी के सामने रखी है। वर्तमान में जो तोल राशि लागू है, किसान उसी दर से भुगतान करेगा। किसानों को उसकी उपज का नगद भुगतान किया जाए, कृषि उपज मंडी में लगा धर्म कांटा से ही किसानों की उपज तोली जाए, कृषि उपज मंडी के अंदर ही तुलाई हो, किसानों को ज्यादा दूरी होने पर डीजल का पैसा दिया जाए, मंडी प्रांगण में कैमरों की व्यवस्था की जाए, क्योंकि ट्रॉलियों से उपज की चोरी होती है, जैसी कई मांगे मंडी सचिव के सामने रखी है। मंडी सचिव कैलाश चंद बामनिया को ज्ञापन दिया, क्योंकि सोमवार से 7 दिन तक मंडी बंद रहेगी। इसीलिए सभी किसान अपनी ट्रॉलियां वापस ले गए हैं। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक नीलामी बंद रहेगी। किसान नेता डॉक्टर नंदू नगर ने कृषि उपज मंडी के प्रशासक एवं तहसीलदार नीलेश एवं सचिव से स्पष्ट कहा कि धर्म कांटे से किसानों की उपज तोली जाए, ऐसा आदेश 24 घंटे में लागू किया जाए।

---

## खबर संक्षेप



### सीएमओ ने अतिक्रमण हटाने का लिया जायजा

**औबेदुल्लागंज।** सीएमओ किरण रंहगडाले ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार को मुहिम चलाया। सीएमओ ने बताया कि नगर को सुंदर और स्वच्छ सुंदर बनाने और जाम से मुक्ति दिलाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सड़क पर अतिक्रमण न करें। सीएमओ किरण रहंगडाले ने देर शाम अतिक्रमण हटाने का जायजा लेने पहुंचीं और अधिकारियों ने दिशा-निर्देश दिया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता पांडे का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष आनंद पांडे का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास से मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉ. कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, प्रेम नारायण सोनी, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, दीपू परमार, राकेश दुबे, अंकित अग्रवाल, माधव यादव, शांतनु पांडे आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।



### प्लेजर ग्रुप का रक्तदान शिविर कल

**मंडीदीप।** मंडीदीप की सामाजिक संस्था प्लेजर ग्रुप के द्वारा लगातार 10वें वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक नगर पालिका प्रांगण में किया जाएगा। आयोजन करता विशाल चौकसे ने बताया कि प्लेजर ग्रुप और स्वर्गीय जगदीश वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में इसका आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग ब्लड बैंक भोपाल रेड क्रॉस सोसाइटी को कई रक्त दाताओं द्वारा ब्लड का दान दिया जाएगा।

### दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को 20 वर्ष की सजा

**भोपाल।** नाबालिग सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सौतेले पिता को पास्को एक्ट की विशेष न्यायाधीश ने भादंसं की धारा- 376 ( 2) एन और (2 ) धारा- 376 एफ के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है । उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती लक्ष्मी कसाव एवं अनिल कुमार पटेल द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार दिनांक 7 अप्रैल 2023 को पीड़िता ने अपनी माता के साथ पुलिस थाना कमला नगर पहुंच कर सौतेले पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4905 | | |
| दिन: | 157 | 33 | 238 |
| रात: | 468 | 86 | 457 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 238 | 31 | 470 |
| रात: | 136 | 04 | 356 |

---

## बरखेड़ा से औबेदुल्लागंज तक 800 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को मिला सुराग

# एटीएम तोड़कर सड़क पर रखने के बाद ले जाने डेढ़ घंटे तक लोडिंग ऑटो तलाशते रहे बदमाश, दो पकड़ाए, एक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस ने बरखेड़ा पठानी में मुख्य सड़क पर स्टैट बैंक का एटीएम तोड़ने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक की तलाश जारी है। आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को बरखेड़ा पठानी से औबेदुल्लागंज तक करीब 800 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करने पड़े। फुटेज में मिले कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस नर्मदापुरम पहुंची।

इस दौरान पता चला कि कार सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले एक छात्र की है, जो मां के नाम पर रजिस्टर्ड है। उक्त कार छात्र के सीनियर पार्टी में जाने के लिए मांगकर ले गए थे। बाद में इसी कार से पहुंचकर एटीएम तोड़ दिया। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे की तलाश की जा रही है। दोनों आरोपी सेज यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग छात्र हैं। पुलिस के अनुसार 14 दिसंबर के तड़के 3 बजे बरखेड़ा पठानी के एटीएम के टूटने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो एटीएम टूटा हुआ सड़क पर मिला।

पुलिस ने एटीएम का रखरखाव करने वाली कंपनी के टेक्निशियन की शिकायत पर चोरी के प्रयास और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण किया। साथ ही कंपनी से सीसीटीवी फुटेज मांगे। फुटेज में पुलिस को तीन संदिग्ध हुडी पहनकर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए एटीएम में घुसते हुए नजर आए। आरोपियों ने सब्बल हथौड़ी और रॉड से एटीएम को तोड़ लिया था, लेकिन गैस कटर नहीं होने के कारण वह कैश बॉक्स तक नहीं पहुंच सके।



गोविंदपुरा थाना पुलिस की गिरफ्त में एटीएम तोड़ने वाले आरोपी।

- गोविंदपुरा थाना क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी में की थी एटीएम तोड़ने की वारदात, आरोपी सूखा नशा करने के हैं आदी
- कार के नंबर पर नर्मदापुरम पहुंची पुलिस, जूनियर से पार्टी में जाने का कहकर मांगी थी कार
- ट्राइलेंट कंपनी के मैनेजर से लूटपाट करने का था प्लान, शादी में जाने वाली महिलाओं की भी रैकी, अंत में एकांत का एटीएम तोड़ा

### सब्बल और रॉड सहित हथौड़ी से तोड़ा एटीएम

आरोपी अभिषेक त्रिपाठी पिता संजय कुमार त्रिपाठी (23) जेल रोड सतना का रहने वाला है और साकेत नगर में रहता है। अभिषेक सेज यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस चतुर्थ वर्ष का छात्र है। मनीष कुशवाह पिता संतोष कुशवाह (19) एलआईजी-15 गौरीशंकर आवासीय परिसर में रहता है। वह आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुका है। इसी प्रकार तीसरा फरार आरोपी आदर्श पटेल (23) मूलतः छिंदवाड़ा का है और सेज यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। वह साइबर सिक्योरिटी में चतुर्थ वर्ष में है। तीनों आरोपियों ने एटीएम सब्बल और रॉड सहित हथौड़ी से तोड़ा था। एटीएम तोड़ने के बाद उसे कार में रखने का प्रयास किया, लेकिन एटीएम कार में नहीं रख सके। लिहाजा वह लोडिंग ऑटो की तलाश करीब डेढ़ घंटे तक इलाके में करते रहें, जब लोडिंट ऑटो नहीं मिला तो एटीएम छोड़कर फरार हो गए। वारदात में पुलिस की भी बड़ी लापरवाही हुई है। करीब दो घंटे तक बदमाश एटीएम के आसपास रहे, लेकिन गश्त कर रही पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

### ट्राइलेंट कंपनी के मैनेजर को लूटने का था प्लान

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी सूखे नशे के आदी है। गांजा नाइट्रोवेट, अफीम जैसे नशे करते हैं। गिरफ्तारी के समय भी वह अत्यधिक नशे में थे। आरोपियों ने बताया कि वे बुदनी की ट्राइलेंट कंपनी के मैनेजर को लूटने की योजना बना रहे थे। उन्हें पता था कि मैनेजर अपने साथ अधिक रकम लेकर चलता है। आरोपियों ने उनकी रैकी भी की। इसके अलावा उन्होंने मैरिज पार्टी में पहुंचने वाली महिलाओं की रैकी की थी, लेकिन वह लूटपाट में सफल नहीं हो सके। अंत में उन्हें एकांत में एटीएम दिखा और एटीएम को तोड़कर ले जाने का असफल प्रयास किया।

### पुलिस हुई गुमराह

पुलिस ने घटनास्थल और बरखेड़ा पठानी सहित आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इस दौरान सफेद रंग की कार अलग-अलग जगह नजर आई। आरोपी लोडिंग ऑटो की तलाश में साकेत नगर, रेलवे स्टेशन और बरखेड़ा के आसपास भटकते रहे। आखिरकार पुलिस ने इलाके के बाहर के सीसीटीवी फुटेज चेक किए और कार का नंबर मिल गया।

## बाइक फिसलने से गिरे झपटमार, भीड़ ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले, 40 मिनट में झपटे थे तीन मोबाइल

- ***स्कार्पियों से पीछा कर रहा था फरियादी, स्कूल से लौटकर लूट करने निकले थे छात्र***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने शनिवार रात 40 मिनट के भीतर हबीबगंज, टीटी नगर और गोविंदपुरा क्षेत्र में हुई मोबाइल झपटमारी की तीनों वारदातों का खुलासा करते हुए दो झपटमारों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों झपटमार अमन कॉलोनी ईरानी डेरे के 12वीं कक्षा के छात्र निकले। शनिवार रात फरार होते समय बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास बाइक फिसलने से दोनों गिरकर घायल हो गए थे। उसी समय भीड़ की मदद से पुलिस ने उन्हें दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से झपटे गए तीनों मोबाइल व इस्तेमाल की बाइक बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से भिंड निवासी मोहित सिंह बघेल (26) वेटनरी डॉक्टर हैं। शनिवार 20 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी बेचमेट के साथ एमपी नगर से रानी कमलापति स्टेनशन की ओर पैदल जा रहे थे। तभी बंसल वन के पास बिना नबंर की काले रंग की स्पोर्टस बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने धक्का देकर हाथ से मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद हबीबगंज थाने जाकर फरियादी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज करा दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनस्थल और आसपास के रास्तों पर लगे करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। फरियादी के बयान और फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर खोजबीन शुरू की गई और मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बदमाशों ने शनिवार रात मोबाइल छीनने की तीन वारदातों को अंजाम देना कुबूल किया। आरोपियों के नाम अली हसन (19) और मोहम्मद अली (19) दोनों निवासी निवासी हरी मजार के पास अमन कॉलोनी करोंद थाना निशातपुरा बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मशरूका की कीमत ढाई लाख बताई गई है।


पुलिस की गिरफ्त में मोबाइल झपटने वाले आरोपी।

### 40 मिनट में की थीं 3 झपटमारी

*पुलिस ने बताया कि शनिवार रात आरोपियों ने बिना नंबर की एक्सट्रीम बाइक पर सवार होकर शाही दरबार के पास टीटी नगर लिंक रोड नंबर एक से वेदांत पांडे का मोबाइल छीना और उसके बाद आईएसबीटी के सामने से अनुराग सोनाने का मोबाइल झपट लिया। उक्त दोनों वारदातों को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने तीसरा मोबाइल बंसल वन के सामने वेटनरी डॉक्टर मोहित सिंह बघेल को निशाना बनाकर छीन लिया।*

### स्कार्पियो से पीछा कर रहा था फरियादी

*एसआई अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि शाही दरबार के सामने टीटी नगर इलाके में स्कार्पियो सवार वेदांत पांडे का मोबाइल बदमाशों ने झपट लिया था। वेदांत ने स्कार्पियों से पीछा किया, लेकिन वे भाग गए। कुछ देर बाद दोनों झपटमार फिर बाइक पर भागते नजर आए। वेदांत ने शोर मचाते हुए पीछा किया तो झपटमार घबरा गए और बाइक बोर्ड ऑफिस चौराहा के पास फिसल गई और दोनों गिर पड़े। लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा।*

---

## एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित साकेत नगर में सोमवार दोपहर एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका करीब दो महीने से मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर अपने पैतृक गांव नित्याखेड़ी, चाचौड़ा, बीना लेकर निकल गए। पुलिस के अनुसार विक्रम यादव पिता मेहताब सिंह यादव (30) मूलतः नित्याखेड़ी, चाचौड़ा, बीना का था। इन दिनों टू-एस, साकेत नगर में पत्नी के साथ रह रहा था।

## गुब्बारा पकड़ते समय बालकनी से गिरी महिला पटवारी, इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित शासकीय क्वार्टर कोटरा सुल्तानाबाद में बालकनी से गिरकर घायल हुई महिला पटवारी की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मीनाक्षी सिंह चौहान पति रत्नेश सिंह चौहान (32) मूलतः जबलपुर की रहने वाली थी। मीनाक्षी सिंह रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील में पटवारी थीं। 11 दिसंबर की दोपहर मीनाक्षी अपनी ढाई साल की बच्चे के साथ कमरे में थी। बच्ची को गैस वाले गुब्बारा छूटकर बालकनी से बाहर जाने लगा। उसे पकड़ने के प्रयास में मीनाक्षी का बैलेंस बिगड़ा और बालकनी से नीचे गिर गईं थीं। उन्हें सिर और शरीर में गंभीर चोट थी। उनका हजेला अस्पताल में इलाज चल रहा था। बाद में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम उनकी मौत हो गई।

- सिर और शहरी में आई थी गंभीर चोट

## तीन साल से गायब बालिका को पुलिस ने धार से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

एसडीओपी शीला सुराणा ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि 22 मार्च 2023 को थाना गौहरगंज क्षेत्र की 17 वर्षीय बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की सूचना पर थाना गौहरगंज में मामला दर्ज कर अपरहत बालिका की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी जानकारी के अनुसार अपहरता को 19 दिसंबर को धार जिले से दस्तयाब किया गया। एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि थाना गौहरगंज में वर्ष 2025 में 6 बालिकाओं का अपहरण हुआ था, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी बालिकाओं को बरामद कर परिजनों से मिलवाया है।

---

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का समापन, पटवा भी हुए शामिल

मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर ने किया सुधीर अग्रवाल का सम्मान किया

# जिला भाजपा संगठन प्रभारी अग्रवाल ने भोजपुर विस क्षेत्र के मतदाताओं को एसआईआर में जोड़ने की बताई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक के समापन अवसर सोमवार को जिला भाजपा संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने एसआईआर एवं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जोड़ने के लिए योजना बताई। अग्रवाल ने कहा कि भोजपुर क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के होने से बड़ा ही महत्व है। भोजपुर क्षेत्र मन की बात में प्रदेश में चौथे नंबर पर है। अग्रवाल ने कहा कि सभी पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों को भाजपा के कार्यक्रम में आना चाहिए, जिससे नई बातें सीखने को मिलती है।

भोजपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भाजपा के लिए समर्पित हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने एवं एसआईआर के बारे में सरल तरीके से जानकारी दी। भाजपा के सम्मेलन में जिला अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि यह 20 साल तक मतदाता सूची रहेगी। इसीलिए सभी भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची एसआईआर में लग जाएं। विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि भोजपुर के सभी साथी मतदाताओं को जोड़ने के काम में लग जाएं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल का सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुपेश चौहान, हेमलता मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, वचन लोधी, आरती यादव, दीपू परमार, माया राय, राधा कुशवाहा, गजेंद्र नागर, कोमल चौहान, रामकिशोर नंदवंशी, बाबूलाल चौहान, बागिश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, महामंत्री माधव यादव ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।


भाजपा सम्मेलन को संबोधित करते विधायक पटवा और जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा। जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल का स्वागत करते मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक जिला बैठक 55 सीड़ी हनुमा मंदिर पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

विभाग अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, विभाग महामंत्री अजय पाल, विभाग मंत्री अरविंद खरे, विभाग संयोजक गोलू मालवीय, जिला उपाध्यक्ष वचन लोधी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, जिला संयोजक पिंटू सिंह, जिला संयोजक अंकित विश्वकर्मा, जिला संयोजक राजापाल, जिला सुरक्षा प्रमुख अमित देशमुख, जिला बल उपासना प्रमुख नवीन, जिला विद्यार्थी प्रमुख प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, प्रखंड महामंत्री विनोद प्रजापती, पदम सिंह चौहान, रूपसिंह नागर, नवीन नागर, प्रखंड महामंत्री दीपक बघेली, प्रखंड संयोजक ललित लोधी, प्रखंड अध्यक्ष नेतराम प्रखंड महामंत्री अहमद भट्ट, प्रखंड उपाध्यक्ष अभिषेक कीर, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख करण विश्वकर्मा, वृजमोहन जाटव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# गणित को रोचक, व्यावहारिक और आनंददायक रूप को प्रस्तुत करती कार्यशाला, प्रतियोगिता भी हुई

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल में गणितीय गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम लोगों के लिए गणित-आधारित विविध शैक्षणिक एवं रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य गणित को रोचक, व्यावहारिक एवं आनंददायक रूप में प्रस्तुत करना था, साथ ही दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को उजागर करना था। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या-समाधान क्षमता और गणितीय अवधारणाओं की समझ विकसित करने के लिए 33 रूबिक क्यूब सॉल्विंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भोपाल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से 53 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट करते बच्चे।


राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आंचलिक विज्ञान केन्द्र बच्चों को गणित की जानकारी देते हुए।

**क्रिएटिव गणित पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला**

गणित में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और संख्याओं से जुड़े रोचक तथ्यों एवं पैटर्न की समझ विकसित करने करने के लिए क्रिएटिव गणित पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न संस्थानों से 55 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

*रामानुजन जयंती पर पंचांग एवं वैदिक गणित पर हुई सार्थक चर्चा*

## एमवीएम में गणित दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**भोपाल।** मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर गणित दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एवं अतिथि के रूप में भरत व्यास, प्रांत संयोजक चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उपस्थित रहे, उन्होंने पंचांग एवं वैदिक गणित पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गणित के बिना अध्यात्म पूर्णता संभव नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा,नर्मदापुरम ने की।


संगोष्ठी में चर्चा करते हुए अतिथि।

उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि गणित सभी विषयों का आधार है और इसका उपयोग प्रत्येक क्षेत्र में होता है। इस अवसर पर डॉ. सुषमा दुराफे ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, संघर्ष और गणित में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

**खबर संक्षेप**



### भारत भवन में समूह चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**भोपाल।** भारत भवन के रुपंकर कला प्रभाग की ओर से मंगलवार से समूह चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी रुपाभ चित्र प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें 10 समकालीन कलाकारों की चित्रकला और शिल्प कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सरोज रानी, सचिव गौतम, ललित मोहन सोनी, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, गरिमा रानी, दीक्षा जायसवाल, सुनील कुमार पटेल, विनीता वर्मा, राम मनोज और रामकुमार पटेल की अद्भुत कृतियां देखने को मिलेंगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 5 बजे होगा और यह 28 दिसंबर तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी।

### साइकिलिस्ट अंकुर सक्सेना बने लगातार चौथे वर्ष सुपर रैंडोन्योर




**भोपाल।** भोपाल के प्रसिद्ध एंड्यूरेंस साइकिलिस्ट अंकुर सक्सेना ने एक बार फिर शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने लगातार चौथे वर्ष सुपर रैंडोन्योर का प्रतिष्ठित खिताब हासिल कर लॉन्ग डिस्टेंस साइक्लिंग की दुनिया में उपलब्धि दर्ज की है। सुपर रैंडोन्योर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त रैंडोन्यूरिंग उपलब्धि है। इसमें शामिल किसी भी साइकिलिस्ट को एक ही कैलेंडर वर्ष में निर्धारित समय-सीमा के भीतर 200 किमी, 300 किमी, 400 किमी और 600 किमी की चार ब्रिवर्ट रैंडोन्यूरिंग मोडीएक्स राइड पूरी करनी होती हैं। ये राइड पूरी तरह आत्मनिर्भर होती हैं, जिनमें मानसिक दृढ़ता, धैर्य और सटीक योजना की परीक्षा होती है।

भारत भवन में दो दिवसीय पंडित नंदकिशोर शर्मा स्मृति संगीत समारोह का शुभारंभ

# सुरों के आलोक में भावपूर्ण सुमिरन और वंदन, राग-ताल की आत्मिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा भारत भवन के सहयोग से दो दिवसीय पंडित नंदकिशोर शर्मा स्मृति संगीत समारोह का शुभारंभ सोमवार को अंतरंग, भारत भवन में हुआ।

संगीत सभा का आरम्भ अनुश्रुति वृन्द, भोपाल के कलाकारों द्वारा भावपूर्ण सुमिरन–वंदन से हुआ। इस आध्यात्मिक प्रस्तुति में सर्वप्रथम पंडित नन्दकिशोर शर्मा द्वारा रचित मां शारदे वर दे हमें तेरे चरण का प्यार दे के माध्यम से सरस्वती वंदना की गई। इसके पश्चात गुरुदेव शत–शत करते चरण वंदन रचना द्वारा गुरु के प्रति असीम श्रद्धा और सम्मान को सुरों में पिरोया गया। अनुश्रुति वृन्द की अंतिम प्रस्तुति आज स्वर के दीप लघुदान मेरे देवता लो की रही, जिसने वातावरण को भक्तिरस से आप्लावित कर दिया। इस संपूर्ण प्रस्तुति का निर्देशन अनूप शर्मा ने किया।



नंदकिशोर शर्मा स्मृति संगीत समारोह में कलाकारों द्वारा भावपूर्ण सुमिरन–वंदन करते हुए।

### राग–भाव से सजी गायन प्रस्तुति

अगली प्रस्तुति गुणी गायक साईं ऐश्वर्य महाशब्दे, भोपाल की रही। उन्होंने अपने गायन का शुभारंभ राग वागेश्री में विलंबित एकताल की बंदिश कौन गत भई से किया। इसके उपरांत द्रुत तीनताल की बंदिश पिहरवा घर आएंगे प्रस्तुत कर राग का सजीव विस्तार किया।


समारोह में गायन की प्रतुति देते हुए।

### घरानेदार गायिकी का प्रभावशाली रंग

इसके पश्चात दिल्ली से पधारी ग्वालियर घराने की सुविख्यात गायिक शाश्वती मंडल ने राग मालगुंजी में विलंबित तिलवाड़ा ताल की बंदिश वन में चरावत गैयां से अपने गायन की शुरुआत की। तत्पश्चात द्रुत तीनताल की बंदिश निरपत सबहु पछहारे प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगे उन्होंने पारंपरिक त्रिवट के पश्चात राग किरवानी में टप्पा प्रस्तुत कर अपनी प्रस्तुति को सधे और प्रभावी ढंग से विराम दिया।



नुक्कड़ नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां देते कलाकार।

## लाल परेड ग्राउंड में वन मेले की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाल प्रेड ग्राउंड में आयोजित वन मेले में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री की खरीदारी करते नजर आए। हस्तशिल्प, सजावटी वस्तुएं और ग्रामीण उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

हस्तशिल्प, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों की गतिविधियां बनीं आकर्षण का केंद्र


मेले में औषधियों को देखते लोग।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां :** सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, लोक गायन और नुक्कड़ नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

### मिट्टी के बर्तन बनाने की पारंपरिक कला रही खास



मेले में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगर लखन प्रजापति ने बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने के गुर सिखाए। बच्चों ने उनके मार्गदर्शन में चाक पर मिट्टी से बर्तन बनाना सीखा, जिससे उन्हें पारंपरिक कला को नजदीक से समझने का अवसर मिला।

आम आदमी के जीवन के अनुभवों से जोड़ता नाटक

## दृष्टिमान थिएटर फेस्टिवल 2025 में नाटक 'दयाशंकर की डायरी' का मंचन

नाटक नादिरा जहीर बब्बर द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध हिंदी नाटक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दृष्टिमान थिएटर फेस्टिवल 2025 के अंतर्गत सोमवार को नाटक 'दयाशंकर की डायरी' का मंचन किया गया। नाटक में निर्देशन मुकेश कुमार मंडलेकर का रहा और लेखन नादिरा जहीर बब्बर का। यह नाटक नादिरा जहीर बब्बर द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध हिंदी नाटक है, जो एक छोटे शहर से मुंबई आकर क्लर्क बनने वाले एक व्यक्ति के असफल सपनों, संघर्षों और उसकी कल्पनाओं की दुनिया को दिखाता है, जो हर आम आदमी के जीवन के अनुभवों से जुड़ता है और यह बताता है कि कैसे एक व्यक्ति अपनी असफलताओं से भागकर अपनी ही बनाई दुनिया में खो जाता है।

**नाटक में निर्देशन मुकेश कुमार मंडलेकर का रहा**


नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

प्रभात साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी आयोजित

# पिछले कई दिनों से तेरी याद सताती है, लगता है जैसे रूह मेरी तुझे पास बुलाती है... सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभात साहित्य परिषद द्वारा हिन्दी भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गीतकार अशोक निर्मल की अध्यक्षता रही एवं वरिष्ठ साहित्यकार बलराम गुमाश्ता का मुख्य आतिथ्य। वहीं संचालन डॉ. अनिल शर्मा ने किया। सरस्वती वन्दना के बाद प्रदीप कश्यप ने पढ़ा छाया कोहरा है पिछले कई दिनों से, सूरज सहमा है पिछले कई दिनों से...., वहीं प्रतिभा द्विवेदी ने पढ़ा पिछले कई दिनों से कुछ ऐसा चल रहा है, लगता है मुट्ठीयों से सब कुछ फिसल रहा है...। इसी कड़ी में रमेश नन्द ने पढ़ा मेसेज है न कुछ खत पिछले कई दिनों से, तड़पा रही है हसरत पिछले कई दिनों से...। चरणजीत सिंह कुकरेजा ने पढ़ा पिछले कई दिनों से तेरी याद सताती है, लगता है जैसे रूह मेरी तुझे पास बुलाती है....।



हिन्दी भवन में काव्य गोष्ठी के दौरान उपस्थित कवि।

## भारतीय भाषा परिवार पर होगा गहन मंथन एवं उपन्यास 'गांठें' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति द्वारा भारतीय भाषा परिवार पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 23–24 दिसंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन में किया जा रहा है।

सेमिनार के शुभारंभ कार्यक्रम में बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित भारतीय भाषा परिवार संदर्भित दो पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा, जिनमें एक उपन्यास गांठें भी है। सेमिनार के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि राज्य निर्वाचन आयुक्त वरिष्ठ साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव होंगे। सारस्वत अतिथि पद्मश्री भगवती लाल राजपुरोहित तथा पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो शिव शंकर मिश्रा होंगे। सेमिनार के विभिन्न सत्रों में नॉर्थ ईस्ट विश्वविद्यालय शिलांग के भाषा विज्ञान विभाग के प्रो शैलेंद्र कुमार सिंह , जामिया मिल्लिया विवि नई दिल्ली के हिंदी विभाग के प्रो दुर्गा प्रसाद गुप्ता, भोपाल के डॉ. जवाहर कर्णावट एवं वरिष्ठ कवि और पत्रकार पंकज पाठक अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## मैनिट के कार्तिकेय को 13वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में मिला युवा वैज्ञानिक सम्मान

मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रो. एचएल तिवारी के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं कार्तिकेय


अपने शोध की जानकारी देते कार्तिकेय मिश्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल के शोधार्थी कार्तिकेय मिश्र को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान समुदाय द्वारा आयोजित 13वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में इंटरनेशनल यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड फॉर बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में आयोजित इस सम्मेलन में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में कार्तिकेय मिश्र ने मशीन लर्निंग तकनीकों के माध्यम से भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तनों का विश्लेषण एवं पूवानुर्मान विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

### प्राकृतिक भूमि आवरण पर पड़ रहा है गंभीर दबाव

अपने अध्ययन में उन्होंने यह उजागर किया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण निर्मित क्षेत्र में वृद्धि और वनस्पति एवं हरित आवरण में कमी जैसी चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। कार्तिकेय ने बताया कि आवासीय विस्तार, आधारभूत संरचनाओं के विकास और मानव गतिविधियों में वृद्धि के कारण प्राकृतिक भूमि आवरण पर गंभीर दबाव पड़ रहा है। उनके द्वारा विकसित मशीन लर्निंग आधारित मॉडल भविष्य में होने वाले इन परिवर्तनों का पूवानुर्मान प्रदान करते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन और सतत विकास नीतियों के निर्माण में मददगार साबित हो सकते हैं।

**अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा वीर बाल दिवस पर गोष्ठी**

साहित्यकारों के बच्चों ने देशभक्तिपूर्ण रचनाओं का पाठ किया

# साहिबजादों के अद्वितीय साहस, अडिग आस्था और राष्ट्रधर्म की स्मृति का प्रतीक 'वीर बाल दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जो सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को समर्पित रही। कार्यक्रम में भोपाल के साहित्यकारों के बच्चों ने ओजपूर्ण एवं देशभक्तिपूर्ण रचनाओं का सशक्त काव्य पाठ करके श्रोताओं को चकित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद की अध्यक्ष डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय साहस, अडिग आस्था और राष्ट्रधर्म की स्मृति का प्रतीक है। परिषद द्वारा बच्चों को देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों हेतु आमंत्रित करने का उद्देश्य साहित्य और काव्य के माध्यम से बाल मन में संस्कारों एवं राष्ट्रप्रेम का संचार करना है।



वीर बाल दिवस के अवसर पर उपस्थित साहितकार और उनके बच्चे।

### अनीति और अन्याय के सामने कभी न झुकने की प्रेरणा देती गोष्ठी

वहीं अतिथि वक्ता ओमप्रकाश खुराना ने कहा वीर बाल दिवस हमें सनातन संस्कृति की रक्षा तथा अनीति और अन्याय के सामने कभी न झुकने की प्रेरणा देता है। औरंगजेब के काल में धर्म परिवर्तन से इनकार करने वालों को घोर प्रताड़नाएं दी जाती थीं। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने भी धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया और सरहिंद के किलेदार द्वारा दी गई यातनाओं को सहते हुए बलिदान दिया। उनकी वीरता और साहस को शत-शत नमन है।

**सनातन संस्कृति की रक्षा करने की प्रेरणा देता है**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

# मेडल टैली में आरएनटीयू प्रदेश में नंबर-वन, देश में 16वें स्थान पर

आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में तीन स्वर्ण, पाँच रजत एवं चार कांस्य सहित कुल 12 पदक जीतकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 (24 नवंबर से 5 दिसंबर) में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया। आरएनटीयू ने 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 4 कांस्य पदकों सहित कुल 12 पदक जीतकर मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर 16वां स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में आरएनटीयू परिसर में खिलाड़ियों एवं कोचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कार्यकारी उपाध्यक्ष, आईसेक्ट ग्रुप एवं कुलाधिपति, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, संयुक्त संचालक खेल बीएस यादव, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह, रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी, प्रति-कुलगुरु डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी तथा उप-कुलसचिव डॉ. अनिल तिवारी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि मेडल टैली में मध्य प्रदेश में नंबर-वन और देश में 16वें स्थान पर पहुँचकर आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने प्रदेश और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और आईसेक्ट ग्रुप के चेयरमैन संतोष चौबे ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### इन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 राजस्थान में जूडो में आरएनटीयू की खिलाड़ी आयुष मावरी (66 किग्रा) ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। फेंसिंग स्पर्धा में मोहित श्रीवास ने ईपी इंडिविजुअल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया। वहीं ईपी टीम स्पर्धा में मोहित श्रीवास, शंकर पांडेय, प्रिंस एवं भव्य सिंह सिसोदिया की टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। शूटिंग में आरएनटीयू के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। टीम (स्कीट) वर्ग में मानसी रघुवंशी, वंशिका तिवारी एवं मोहिका सिसोदिया ने स्वर्ण पदक जीता। मिक्स्ड टीम (स्कीट) में ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया एवं वंशिका तिवारी ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त राइफल 50 मीटर 3पी टीम में याकूब सिद्दकी, निखिल पुंडीर एवं अमित सिंगरोले ने रजत पदक हासिल किया। मिक्स्ड टीम (स्कीट) में मानसी रघुवंशी एवं दुष्यंत विजय भारद्वाज ने कांस्य पदक, जबकि टीम (स्कीट) में ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया, दुष्यंत विजय भारद्वाज एवं अमन चौहान ने कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में बुशरा खान गौरी ने 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा 10000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर दोहरी सफलता प्राप्त की। वहीं मनीषा ने 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में रजत पदक अर्जित किया। मल्लखंभ स्पर्धा में हैंगिंग, पोल एवं रोप टीम चैंपियनशिप में प्रणव कोरी, उत्कर्ष पांडेय, पंकज गर्गमा, आदित्य गेहलोत, यश ममोदिया एवं विष्णेश सुगंधी की टीम ने कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

बालिका वर्ग में एलएन मेडिकल उपविजेता जूनियर में तेलंगाना और जम्मू कश्मीर जीता

## 6वीं नेशनल कबड्डी में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी बनी विजेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन कबड्डी फेडरेशन के तत्वावधान में 6 वीं नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य भारत, तेलंगाना सहित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एवं अन्य राज्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न आयु वर्गों में किया गया। 14 वर्ष आयु वर्ग में तेलंगाना टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य भारत को 21–13 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मध्य भारत उपविजेता रहा, जबकि विदर्भ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष आयु वर्ग में जम्मू-कश्मीर की टीम ने मध्य प्रदेश को 30–15 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।

मध्य प्रदेश उपविजेता रहा एवं मध्य भारत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर - 21 यूथ (बालक) वर्ग में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने मध्य भारत को 25–10 से पराजित कर खिताब जीता। मध्य भारत उपविजेता रहा, जबकि मध्य प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूथ बालिका वर्ग में मध्य भारत की टीम ने एलएन मेडिकल को 15–10 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एलएन मेडिकल की टीम उपविजेता रही तथा जम्मू-कश्मीर की टीम तृतीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया। 14 वर्ष आयु वर्ग में मध्य प्रदेश के फरमान एवं कार्तिक, 17 वर्ष आयु वर्ग में जम्मू-कश्मीर के अरमान एवं मध्य प्रदेश के साहिल, तथा U-21 युथ वर्ग में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के अंकित एवं मध्य भारत के कृष्णा अंबेडकर ने अपने शानदार खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। समापन समारोह में डॉ. अनुपम चौकसे (कुलाधिपति, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल), डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर), नरेंद्र अहीरे (सचिव, इंडियन कबड्डी फेडरेशन),संगीता आहिर (कोषाध्यक्ष), राज जाट (सह सचिव) एवं पंकज कुमार जैन (स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एलएनसीटी) द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डॉ रज़ा एकादश व भेल भोपाल की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में डॉ रज़ा एकादश व भेल भोपाल की टीमें जीतीं । सोमवार को दो मैच खेले गए जिनमें पहला मैच डॉ रज़ा एकादश विरुद्ध ग्रीन पैराडाइज एकादश खेला गया। डॉ. रज़ा एकादश ने 171/7 रन बनाए। कप्तान लोकेश मालवीय ने 55, अम्बर हसन ने 45, हयदेश ने 28 रन बनाए। ग्रीन पैराडाइज़ के योगेश रजक और साबिर ख़ान ने 3-3, जबकि यश जहांगीर ने एक विकेट लिया। जवाब में ग्रीन पैराडाइज की टीम 124/6 रन ही बना सकी। इनमें हमजा रऊफ ने 31, साबिर ख़ान ने 25 और दिव्यांशु यादव ने 20 रन बनाए। डॉ रज़ा एकादश के रिजवान ने 2, जबकि जीशान अली, दीपक मालवीय और सरोष ने क्रमशः एक -एक विकेट लिए। इस प्रकार डॉ रज़ा एकादश ने मुक़ाबले को 47 रनों से जीत लिया। लोकेश मालवीय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेट कोच केडी गुप्ता और अधिवक्ता राहुल मीणा ने प्रदान किया।


- ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**भेल ने माखनलाल विवि को 122 रनों से हराया-** वहीं दूसरा मैच भेल भोपाल और माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भेल भोपाल 176/9 रन बनाए, जिसमें सुभाष प्रधान ने 48, देवेन्द्र नाइक ने 26 और भानु ने 25 रन बनाए।

अब 24 को सागर में होगा इंदौर से मुकाबला

## ग्वालियर को हराकर भोपाल डिवीजन फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विराज चतुर्वेदी, 6 विकेट, भोपाल डिवीजन

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिविजनल एमएम जगदाले ट्रॉफी (तीन दिवसीय) मल्टी डे रीवा के एमपीसीए मैदान पर भोपाल डिवीज़न और ग्वालियर डिवीज़न के मध्य खेले जा रहे मैच के तीसरे व अंतिम दिन ग्वालियर डिविजन नें कल के स्कोर 16 रन से आगे खेलते हुए 68.4 ओवरों में 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें समर प्रताप सिंह ने 56 रन, मेधांश गौर ने 35 रन,अमर सिंह चौहान ने 32 रन बनाए ।


## भोपाल डिवीजन ने बनाई चंबल पर एक रन की बढ़त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल (चार दिवसीय)मल्टी डे अंडर- 22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट फेथ मैदान पर चंबल डिवीजन और भोपाल डिविजन के मध्य चल रहे मैच के दूसरे दिन चंबल डिवीजन ने बल्लेबाजी करते हुए 109.2 ओवरों में 276 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । जवाब में भोपाल डिवीजन ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 68 ओवर में 4 विकेट पर 277 रन बना लिए हैं,जिसमें आयुष अवस्थी ने 63, प्रियांशु प्राण 52, प्रारब्ध मिश्रा 57* नाबाद और ओजस यादव 53*रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। चंबल डिवीजन से गेंदबाजी करते हुए मंथन यादव और सोमू सिकरवार ने 2-2 विकेट लिए । इस तरह भोपाल डिवीजन ने 1 रन की बढ़त प्राप्त कर ली है। कल तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा ।

## मलय और अंकुर की शतकीय पारी से प्रेसिडेंट इलेवन मजबूत

**भोपाल।** भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन और सेज ग्रुप द्वारा आयोजित स्वर्गीय जीएस पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का(दो दिवसीय) सेमीफाइनल मैच बाबे अली मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन और वीएस क्रिकेट अकादमी के मध्य प्रारंभ हुआ। प्रेसिडेंट इलेवन ने दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवरों में 8 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं, इनमें मलय श्रीवास्तव 123 रन पर रिटायर्ड हर्ट हुए, वहीं साहिल सक्सेना ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली। कनिष्क गौतम ने 52, रिदय माहेश्वरी ने 41 और आलिफ हसन ने 36 रन बनाए । वी एस क्रिकेट अकादमी से आभास सिंह ने 4,आर्यन मिश्रा, अनमोल मुंडा और हर्ष आर्य ने 1-1 विकेट लिया । कल सेमी फाइनल मैच का दूसरा व अंतिम दिन है ।

लाइफ स्टाइल



## तृप्ति ने एयरपोर्ट पर पैपराजी को दिखाया एटीट्यूड...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी हाल ही में जब मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। उनका स्टाइलिश लुक और पैपराजी से शांत तरीके से बात करना लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेकिन, फोटो क्लिक कराने के मामले में उन्होंने पैपराजी को एटीट्यूड दिखाया। इस दौरान तृप्ति डेनिम आउटफिट में बेहद स्टाइलिश लुक में नजर आईं। उन्होंने अपने इस लुक को ब्लैक इनर और ब्लैक बूट्स के साथ इनहैंस किया। उनका पूरा लुक सिंपल, आरामदायक और आकर्षक दिखा। चेहरे के आधे हिस्से पर उन्होंने ब्लैक मास्क लगा रखा था, जो पैपराजी को पसंद नहीं आया, क्योंकि इसकी वजह से वह तृप्ति के चेहरे की तस्वीरें क्लिक नहीं कर पा रहे थे।

लाइफ Style

## रश्मिका मैसा में नया अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' के निर्माताओं ने आज फिल्म को लेकर एक बड़ा एलान किया है। नए साल से पहले रश्मिका के फैंस को एक सरप्राइज मिलने वाला है। सिकंदर, थामा, छावा, किंगडम और द गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुकीं रश्मिका मंदाना अब एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगी।

इस फिल्म का नाम है 'मैसा'। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खूंखार पोस्टर जारी किया और साथ ही इसकी पहली झलक दिखाने का वादा किया। सोमवार को फिल्म निर्माताओं ने फिल्म 'मैसा' का एक पोस्टर एक्स पर जारी किया। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक दिखाने का वादा करते हुए बताया कि इस फिल्म की पहली झलक 24 दिसंबर को जारी की जाएगी। फिल्म 'मैसा' एक महिला प्रधान पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर है। इसमें रश्मिका एक पूरी तरह नए अवतार में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के रोल से बिल्कुल अलग होगा। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'घावों से ताकत तक। दर्द से आजादी तक। दुनिया #मैसा का नाम याद रखेगी। पहली झलक 24.12.25 को आएगी। रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज में देखने के लिए तैयार रहें।' इस फिल्म को अनफॉर्मूला फिल्म्स बना रहा है। इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और डायरेक्ट किया है। शूटिंग जल्द शुरू होगी। कैमरा संभालेंगे श्रेयास पी कृष्णा (जिन्होंने सूर्या की 'रेट्रो' में काम किया है)। हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस कोरियोग्राफ करेंगे एंडी लॉन्ग (जिन्होंने 'कल्कि 2898 एडी' में काम किया है)।



हॉलीवुड मसाला




## द वायर के लिए जाने जाते थे...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अमेरिकी अभिनेता जेम्स रैन्सोन का 46 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जेम्स रैन्सोन को खास तौर पर एचबीओ की प्रतिष्ठित क्राइम ड्रामा सीरीज 'द वायर' में निभाए गए किरदार चेस्टर जिग्गी सोबोटका के लिए जाना जाता है। सीरीज के दूसरे सीजन में उन्होंने एक ऐसे डॉक वर्कर की भूमिका निभाई थी, जो अपराध की दुनिया में उलझा हुआ था। उनकी अदाकारी को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा था।



## अमेरिका की फर्स्ट लेडी की जिंदगी की मिली झलक...

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें मेलानिया ट्रंप से ही शुरुआत होती है। वह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सफर को दिखाती है। किस तरह से उन्हें सलाह और सपोर्ट देती है, इन बातों की झलक ट्रेलर में मिलती है। ट्रेलर के आखिरी में मेलानिया और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत होती है। वह कहती हैं, 'हैलो मिस्टर प्रेसिडेंट, बधाई हो। इस पर डोनाल्ड ट्रंप पूछते हैं, क्या तुमने देखा? मेलानिया जवाब देती हैं, 'हां, मैं इसे न्यूज में देखा। यह बातचीत उस समय की जब ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज डेट भी शेयर की गई है। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल थिएटर में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की रिलीज डेट 30 जनवरी 2026 है।



## नया गाना आदत रिलीज किया शानदार डांस

**मुंबई।** सिंगर हनी सिंह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। इस बार वह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर और एपी ढिल्लों के साथ गाना 'आदत' लेकर आए हैं। 3 मिनट 42 सेकंड के वीडियो में हनी सिंह गाना गा रहे हैं और वाणी कपूर के साथ डांस भी कर रहे हैं। यह गाना एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के तहत आया है। गाने में देखा जा सकता है कि वाणी कपूर ने कई बेहतरीन आउटफिट में डांस किया है। गाने में वह कभी एपी ढिल्लों के साथ डांस कर रही हैं तो कभी हनी सिंह के साथ डांस कर रही हैं। गाने में समुद्र, स्विमिंग पूल, घोड़े के अस्तबल और शानदार घर नजर आए हैं। 'आदत' के लिरिक्स हनी सिंह, एपी ढिल्लों और शिंदा कहलों ने लिखे हैं। विनोद वर्मा ने इस गाने को म्यूजिक दिया है। गाने के वीडियो के निर्देशक मिहिर गुलाटी हैं।



## अब अजय की दृश्यम-3 की हुई घोषणा...

**मुंबई।** अजय देवगन की सुपरहिट सस्पेंस-थ्रिलर दृश्यम के तीसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में मोहनलाल ने दृश्यम 3 के असली मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू की थी। अब अजय की दृश्यम 3 को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेकर्स ने सोमवार को अजय स्टारर 'दृश्यम 3' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। दृश्यम 3 का निर्देशन का अभिषेक पाठक ने किया है। 2 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म की कास्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, उम्मीद है कि तीसरे पार्ट में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पिछले पार्ट में खत्म हुई थी। ऐसे में अब देखना ये है की फिल्म की कास्ट में कोई बदलाव होता है या नहीं। सबसे ज्यादा निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या अक्षय खन्ना का किरदार इस फिल्म में दिखाई देगा या नहीं।

# बार्सिलोना की विलारियल पर आसान जीत


राफिन्हा-यामल ने दिलाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

राफिन्हा और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

### भारत बनाम श्रीलंका महिला टी20 : आज शाम 7 बजे से दूसरा मैच

# श्रीलंका पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, फील्डिंग बनेगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 23 दिसंबर को होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरुप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

### हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।' विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

### भारतीय टीम काफी मजबूत

कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारुप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरुप है।

### जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता की पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हराया, सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए।



न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### डफी ने हैडली को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया। डफी ने कहा, 'मैंने लंच के समय वह सूची देखी और उसमें कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम थे।

### यादें 2025 : एथलीटों की डोपिंग अपराधों की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

# 90 मीटर पार नीरज, पर रिकॉर्ड के साथ डोपिंग की परछाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फॉर्म में उतार चढ़ाव के बावजूद 90 मीटर तक भाला फेंकने के जादुई आंकड़े को छूने में आखिरकार सफल रहे लेकिन इस बीच वर्ष 2025 में भारतीय एथलेटिक्स को डोपिंग का डंक भी डसता रहा।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। इस प्रतियोगिता में युवा सचिन यादव ने चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया और इस तरह से भाला फेंक में विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।



### महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी

भारतीय एथेलीट के लिए सकारात्मक पहलू यह रहा कि भारत ने दो विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी की। इनमें से एक में चोपड़ा ने मेजबानी की और जीत हासिल की। भारत ने इसके अलावा 2031 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित कुछ प्रमुख महाद्वीपीय और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाई है।

### चोपड़ा ने जीते तीन बड़े खिताब

नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी सचिन यादव (86.27 मीटर) ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।






## खबर संक्षेप

### पिता की मौत के बाद बेटियों को बिजली विभाग ने भेजा 63774 का चालान



**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन में माता-पिता की मौत के बाद बिजली विभाग ने बेटी के नाम पर 63774 रुपए का चालान भेज दिया। परिजनों की मौत के बाद 23 वर्षीय रेशमा खान अपनी तीन छोटी बहनों के साथ किराने की छोटी सी दुकान चलाकर जीवन यापन कर रही थी। पट्टे के मकान में वर्ष 2009 से बिजली का मीटर पिता यूसुफ ख़ान के नाम से लगा हुआ था। 2021 में पिता की मृत्यु के बाद आज हजारों रुपए का चालान देखकर परिजनों की चिंता बढ़ गई जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत की। सुनवाई नहीं होने के बाद ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर से गुहार लगाई गई। शुक्ला ने कहा यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो जल्द ही पीड़ित परिवार के साथ ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बंगले का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर रविशंकर मिश्रा, तारिक अली, दीपक दीवान, युवराज सिंह राय, विजेंद्र शुक्ला, मुजाहिद सिद्दीकी, अहमद ख़ान, अमजद लाला, शानू ख़ान आदि मौजूद थे ।

### ठंड से बचने गरीबों को बांटे गर्म कपड़े



**भोपाल।** शासकीय ठेकेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला के जन्मदिन पर सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर निराश्रितों को कंबल और स्वेटर का वितरण किया। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इस अवसर पर पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी लेकर सदस्यों द्वारा शपथ ली गई। महासंघ टीम ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को कपड़ों एवं फलों का वितरण किया।

10 से 15 फीट ऊंची उठी लपटें, 50 मीटर की दूरी पर ठहरे हुए थे यात्री

# भदभदा रोड पर होटल सयाजी के स्टोर रूम में भीषण आग, आसमान में छाया धुएं का गुबार

***जनरेटर में शार्ट सर्किट से हुआ हादसा, जनहानि नहीं, स्टोर में रखा सामान जलकर खाक***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भदभदा रोड स्थित होटल सयाजी के स्टोर रूम में सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे भीषण आग लग गई। देखते ही दखते आग की 10 से 15 फीट ऊंची उठी लपटें देखकर अफरा-तफरी मच गई।

आग लगने के दौरान होटल कई यात्री रुके हुए थे। गनीमत रही कि होटल के रूम से स्टोर रूम दूरी पर था, नहीं तो बड़ा हादसा होता। आग का धुंआ आधा किलोमीटर दूर भदभदा ब्रिज से साफ नजर आ रहा था। होटल परिसर के आगे की ओर स्टोर रूम बना हुआ है, जहां शादी-समारोह और अन्य आयोजनों में उपयोग होने वाला सामान रखा जाता है। सोमवार सुबह स्टोर रूम में लगा जनरेटर चालू था। इसी दौरान अचानक शार्ट सर्किट हुआ, जिससे टेंट, कपड़े, कंबल और डेकोरेशन के फूलों में आग लग गई। सूचना मिलते ही माता मंदिर और पुल बोगदा फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची। नगर निगम और पुलिस का अमला भी तत्काल मौके पर पहुंच गया। आग को फैलने से रोकने के लिए होटल के कर्मचारियों ने भी प्रयास किया। माता मंदिर फायर स्टेशन के फायर आफिसर प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आग बुझाने में करीब डेढ़ घंटा लगा।



होटल के स्टोर रूम आग लगने के बाद मौजूद लोग बाहर निकल आए।

# शहर में पुलिस कमिश्नर ने किया पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तथा अपराधों की रोक-थाम हेतु पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने सोमवार शाम थाना कमला नगर से नेहरू नगर चौराहा तक तथा कोटरा मार्केट क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया।

इस दौरान एडिशनल कमिश्नर श्रीमती शुक्ला, डिप्टी कमिश्नर जितेंद्र सिंह पवार, विवेक सिंह, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर नीतू ठाकुर, थाना प्रभारी कमला नगर निरूपा पांडे तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा। भ्रमण के दौरान पुलिस कमिश्नर मिश्र ने आमजन की सुरक्षा एवं अपराधों पर नियंत्रण को लेकर क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग कर पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाने इत्यादि समुचित दिशा निर्देश दिए।



कोटरा मार्केट में दल-बल के साथ पैदल भ्रमण करते पुलिस कमिश्नर मिश्र।

### फर्जी तरीके से जमीन हड़पने के केस में डॉ. श्रीवास्तव गिरफ्तार

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने फर्जी तरीके से जमीन हड़पने के मामले में डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट मे पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया। डॉ. श्रीवास्तव के खिलाफ फर्जी एग्रीमेंट से जमीन हड़पने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डॉ. प्रमोद की तरफ से सक्षम अदालत में जमानत प्रस्तुत की गई थी। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए उसे जेल भेज दिया। गणेश नगर में श्याम शर्मा के पांच प्लॉट है। इस पर डॉ प्रमोद श्रीवास्तव ने फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर अपने साथी की मदद से प्लॉट हड़प लिए थे। घटना की शिकायत श्याम शर्मा ने मिसरोद पुलिस से की थी।

# बोट क्लब पर स्कूटर से भिड़ी कार, युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोट क्लब पर सेल्फी पाइंट के सामने सोमवार शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार एक्टिवा सामने से आ रही वैन्यू कार से टकरा गई। इस हादसे में एक्टिवा सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक्टिवा पर बैठे उसके दो चचेरे भाई घायल हुए हैं। श्यामला हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार संदीप माझी पिता लाला बाथम माझी (25) शिवाजी नगर, हबीबगंज में रहता था और प्राइवेट काम करता था। सोमवार शाम वह अपने चचेरे भाई संदीप और दीपू के साथ एक्टिवा से बोट क्लब घूमने जा रहा था। एक्टिवा संदीप खुद चला रहा था। बोट क्लब पर ढलान उतरते ही संदीप ने तेज रफ्तार एक्टिवा से एक कार को कट मारा था। इसके बाद लहराती हुई एक्टिवा सामने से आ रही वैन्यू कार में जा घुसी। इस हादसे में संदीप को गंभीर चोट आई थी। उसे ऑटो से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी भूपेंदर कौल संधु ने बताया कि जिस कार में एक्टिवा टकराई है। वह कार इंजीनियर की है। इंजीनियर ने बताया कि वह अपने चार साल के बच्चे और माता पिता को बोट क्लब से घुमाने के बाद घर जा रहा था। उसकी कार धीमी थी। सामने से आ रही एक्टिवा के चालक ने उसकी कार में सामने से जोरदार टक्कर मारी थी।

जांच समिति की रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई

# नगरीय निकाय में सामग्री क्रय में अनियमितता प्रकरण में आयुक्त भोंडवे ने की दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों में सामग्री क्रय में अनियमित्ता बरतने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

नगर पालिका परिषद सिवनी में सामग्री क्रय में अनियमित्ता संबंधी शिकायत संतोष कुमार साहू की ओर से की गई थी। प्रकरण में जांच के लिए अधीक्षण यंत्री संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। समिति की ओर से की गई जांच में नगर पालिका परिषद सिवनी के प्रभारी सहायक यंत्री संतोष कुमार तिवारी, उप यंत्री विकास मेहरा, वंदना मरकाम, बिंदेश्वरी पंद्रे, दीपक उइके, तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम कुमार कुर्वेती की भूमिका संदिग्ध पाई गई एवं सभी को दोषी ठहराया गया।

प्रभारी सहायक यंत्री संतोष कुमार तिवारी जुलाई 2023, जुलाई 2024 एवं जुलाई 2025 स्वीकृत वार्षिक वेतन वृद्धि निरस्त कर दी गई है। उप यंत्री विकास मेहरा, वंदना मरकाम, बिंदेश्वरी पंद्रे और दीपक उइके आगामी एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर की दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई है।

छतरपुर पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री

# एमपी में 95 एफआईआर, शिवराज सिंह की रिपोर्ट पर बोले कृषि मंत्री, इतनी हिंदुस्तान में कहीं नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी के कृषि मंत्री और छतरपुर के प्रभारी मंत्री एदल सिंह कंसाना छतरपुर पहुंचे और विकास सलाहकार समिति की जिला पंचायत सभा कक्षा में बैठक ली। बैठक के दौरान किसानों को खाद वितरण और जिले के विकास को लेकर सहित तमाम मुद्दों पर बात हुई। वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के द्वारा लोकसभा में खाद वितरण में गड़बड़ी के आंकड़े प्रस्तुत करने के मामले में बोले अब तक 95 एफआईआर दर्ज करवाईं। इतनी हिंदुस्तान में कहीं नहीं हुई होंगी।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा में आंकड़े प्रस्तुत किये थे कि मध्य प्रदेश खाद्य वितरण गड़बड़ी में तीसरे स्थान पर है तो वहीं कंसाना ने कहा कि जहां-जहां खाद गड़बड़ी मिली वहां हमने कार्रवाई की और अब तक 95 एफआईआर दर्ज कराई हैं। साथ ही मंत्री बोले कि इतनी एफआईआर हिंदुस्तान में किसी प्रांत में नहीं हुईं।

कंसाना ने कांग्रेस के आरोपों को भी निराधार बताया और कहा कि खाद गुणवत्ता या वितरण में कहीं गड़बड़ी या कमी नहीं है। उन्होंने यह भी कह दिया कि खाद को लेकर प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा प्रायोजित है। जबकि खाद संकट को लेकर प्रदेश में कोई कमी नहीं है, केन बेतवा लिंक परियोजना में किसानों को अब तक कितना मुआवजा बांटा है। इस सवाल पर मंत्री जी को आंकड़ों का पता ही नहीं था तो उन्होंने कहा कि हम बता देंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह लोकसभा में आंकड़े दिए थे। एमपी खाद वितरण संबंधी एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें खाद वितरण में गड़बड़ी मामले में मध्य प्रदेश को तीसरे स्थान पर बताया था, तो मंत्री कंसाना ने कहा हमने 95 एफआईआर दर्ज करवाई एमपी में इतनी हिंदुस्तान के किसी प्रान्त में नहीं हुई।

**विकास सलाहकार समिति की बैठक में बोले मंत्री कंसाना**

### मनरेगा में बदलाव पर कांग्रेस की आपत्ति, सीडब्ल्यूसी सदस्य बोले - रोजगार पर पड़ेगा असर




**भोपाल।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और पूर्व सांसद बीके हरिप्रसाद ने सोमवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मनरेगा से जुड़े हालिया बदलावों को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने सरकार को जम कर घेरा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुधारों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता, योजना की मूल भावना और राज्यों की भूमिका पर असर पड़ सकता है। सरकार का यह निर्णय बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

हरिप्रसाद ने कहा कि मनरेगा को शुरूआत में अधिकार आधारित रोजगार गारंटी के रूप में लागू किया गया था, जिसने ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा दी। उनके अनुसार, हालिया बदलावों से यह योजना धीरे-धीरे केंद्र-नियंत्रित और शर्तों से जुड़ी व्यवस्था में बदलती दिखाई दे रही है, जिससे स्थानीय जरूरतों और पंचायतों की भूमिका सीमित हो सकती है। डिजिटल सिस्टम, आधार आधारित भुगतान और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं का भी उल्लेख किया गया। हरिप्रसाद ने कहा कि तकनीक पारदर्शिता बढ़ाने का माध्यम हो सकती है, लेकिन यदि इसके कारण पात्र मजदूर योजना से बाहर हो रहे हैं, तो इस पर पुनर्विचार जरूरी है।

### परिवहन सेवाएं अब ‘वाहन’ व ‘सारथी’ पोर्टल के जरिए ऑनलाइन : मंत्री सिंह

**भोपाल।** परिवहन विभाग में अधिकांश सेवाएं अब ‘वाहन’ और ‘सारथी’ पोर्टल के जरिए ऑनलाइन दी जा रही हैं। ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन, परमिट और अन्य सेवाओं के लिए लोगों को आरटीओ कार्यालयों में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ रही। प्रदेश में विभाग की समस्त सेवाओं को फेसलेस रूप में प्रदान करने वाला मप्र देश में प्रथम राज्य बन गया है। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में विकास और सेवा के 2 वर्ष पर केन्द्रित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। मंत्री सिंह ने परिवहन विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग की सेवाओं को ऑनलाइन आवेदन करने की सहायता देने के लिये एमपी ऑनलाइन सेंटर्स को भी मान्यता प्रदान की गई है। नागरिक प्रदेश में 1.25 लाख से अधिक सेवा केन्द्रों से परिवहन की सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। यात्री बसों के परमिट जारी करने में आ रही समस्याओं के लिये संभागीय आयुक्त राजस्व की अध्यक्षता में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण का गठन किया गया है।

- मंत्री सिंह ने विभाग की उपलब्धियों की दी

#### त्रिस्तरीय चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने का निर्णय

मंत्री सिंह ने कहा कि प्रादेशिक, संभागीय और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश की सभी बसों की सुचारू मॉनिटरिंग के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटरयान कर में पूरी छूट दी गई है। वहीं, सीएनजी वाहनों पर कर में 1 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कुलगुरु से की मुलाकात

# छात्र भड़के, परीक्षा से रोकने पर एनएसयूआई ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि में सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से रोके गए छात्रों की समस्याओं को लेकर सोमवार को एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी से मुलाकात की। छात्रों में व्याप्त असंतोष और आक्रोश के चलते विवि परिसर में कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति भी बनी। प्रतिनिधिमंडल ने कुलगुरु के समक्ष छात्रों से जुड़े शैक्षणिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर मुद्दों को रखा।
छात्रों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए कुलगुरु ने स्वयं सभी पक्षों की बात सुनी और आश्वासन दिया कि किसी भी छात्र के साथ कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। कुलगुरु ने कहा कि यदि किसी शिक्षक द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार या मानसिक दबाव बनाने की शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो उन्हें गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उनके आश्वासन के बाद माहौल शांत हुआ।



कुलगुरु से बात करते छात्र।

#### शॉर्ट-अटेंडेंस पर हुआ विवाद

विश्वविद्यालय में विरोध की मुख्य वजह मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट रहा। यहां शॉर्ट-अटेंडेंस का हवाला देते हुए कुछ छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया। इस बारे में छात्रों का कहना है कि अटेंडेंस से जुड़ी स्थिति पहले स्पष्ट नहीं की गई और अचानक परीक्षा से बाहर कर दिया गया। इससे शैक्षणिक और मानसिक रूप से भी परेशान किया गया है। छात्रों के अनुसार उन्होंने समय रहते विभाग स्तर पर अपनी समस्या रखने की कोशिश की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

द्वारकाधीश मंदिर में गुरुजी ने की रुक्मणी हरण की चर्चा

# भाई की सर्वथा हितैषी होती है बहन, रुक्मी को बचाने के लिए रुक्मणी ने की थी कृष्ण से प्रार्थना: पंडित त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्वालियर के द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम सत्र में कथावाचक पंडित रामकृपाल त्रिपाठी गुरुजी ने रुक्मणी हरण की चर्चा करते हुए कहा कि रुक्मणी का भाई रुक्मी ने श्री द्वारकाधीश पर सेना के साथ काल बनकर आक्रमण किया, किंतु द्वारकाधीश ने सारी सेना को पराजित कर दिया एवं रुक्मी पर जब मारने के लिए उद्यत हुए उसी समय नहीं रुकमणि को अपने अभागे भाई पर दया आ गई और श्री कृष्ण के चरणों आकर भाई को क्षमा करने के लिए करुणा, प्रार्थना करने लगी, जबकि भाई रुक्मी ने ही रुकमणि पर निर्दयतापूर्वक शिशुपाल से विवाह की तैयारी की थी।

#### बहू के मायके की कमी को बार बार कहना मूर्खता



कथा में गुरुजी को तिलक लगाते डॉ. नितेश शर्मा व उनकी माताजी।

इसी प्रसंग में गुरुजी ने कहा कि बहू के मायके की कमी को बार बार नव बधू से कहना सर्वथा मूर्खता है। इसमें नव बधू का क्या दोष होता है ऐसा व्यवहार करने से देव पितर सब नाराज होते हैं, इसलिए नव बधू का गृह लक्ष्मी जैसा आदर करना चाहिए। इसलिए दादा बलराम ने श्री कृष्ण द्वारा रुक्मी का मुंडन (बेइज्जती) करने के लिए रुकमणि से क्षमा याचना की थी। नव बधू से दहेज मायका पक्ष आदि की निंदा करना अपने पुण्य का नाश करना होता है।श्री मद भागवत कथा, रामचरित मानस सुनकर मनुष्य का व्यवहार शास्त्र के अनुसार होना चाहिए। सुदामा चरित एवं हवन पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन हुआ।

#### आज की कथा में रहे मौजूद

आज की कथा में लाल टिपारा गौशाला के संत श्री ऋषभ देवानंद महाराज, ए के वाजपेई (गुरुजी), कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर बीआर श्रीवास्तव, सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राजेश नायक एवं सचिव रवि आनंद गौड़, पंडित नरेश शर्मा, के के पराशर, नलिनी शर्मा, इंदर शर्मा, रामलखन शर्मा, अवनीश गुप्ता, प्रमोद पाल, योगेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930